RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 208 | ग्वालियर रविवार 9 मार्च 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# एमपी में धर्मांतरण कराने वालों को फांसी की सजा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों को फांसी की सजा का प्रावधान करने जा रहे हैं। ऐसे दुष्कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा।

कार्यक्रम में उन्होंने 1.27 करोड़ महिलाओं के खाते में लाड़ली बहना योजना के 1250 रुपए ट्रांसफर किए। सिंगल क्लिक में मार्च 2025 की लगभग 1552.73 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई है। उज्ज्वला योजना की गैस कनेक्शनधारक महिलाओं के खाते में डीबीटी के जरिए भी राशि ट्रांसफर की गई।

इस दौरान सीएम की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की कमान महिला अधिकारियों के हाथों सौंपी गई। सीएम ने महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता और साहसिक कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, निर्मला भूरिया, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी और विधायक रामेश्वर शर्मा भी मौजूद रहे।

**नारी सशक्तिकरण को लेकर जो भी हो सकता है कर रहे:** सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, महिला बाल विकास, पुलिस विभाग और ग्रामीण एवं पंचायत विभाग का संयुक्त आयोजन किया गया। इसमें नई योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पेश की गई। महिलाओं की नियुक्ति के प्रमाण पत्र दिए गए। सीहोर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 200 से ज्यादा ई-साइकिल दी गईं। लाड़ली बहनों और उज्ज्वला गैस कनेक्शनधारी महिलाओं को राशि ट्रांसफर की गई। मुझे बताया गया है कि स्व-सहायता समूह के माध्यम से हमारे प्रदेश में लखपति दीदियां बनी हैं। नारी सशक्तिकरण को लेकर जो भी हो सकता है हमारी सरकार कर रही है।



महिला दिवस पर लाड़ली बहनों को राशि ट्रांसफर

**महिलाएं संभाल रहीं सीएम की सुरक्षा की कमान:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सीएम डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा और कारकेड सहित अन्य व्यवस्थाओं की सारी कमान महिलाएं संभाल रही हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी उप पुलिस अधीक्षक बिट्टू शर्मा के पास है। वहीं मुख्यमंत्री का वाहन इंस्पेक्टर इरशाद अली चला रही हैं। कारकेड के वाहनों की जिम्मेदारी सपना सहित अन्य महिला चालकों पर है। ओएसडी का दायित्व अंडर सेक्रेटरी श्रीलेखा श्रोत्रिय निभा रही हैं। प्रेस अधिकारी की जिम्मेदारी बिंदू सुनील और सोनिया परिहार के पास है।

**सीएम ने महिला अधिकारियों को मंच पर बैठाया:** सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी समेत अन्य महिला अधिकारियों को मंच पर बैठाया। कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान वे मंच के सामने बैठी थीं। इस पर सीएम ने उन्हें मंच पर आने का इशारा किया।

## शिप्रा एक्सप्रेस के एसी कोच में अटेंडर सादिक पठान ने महिला से की छेड़छाड़, यात्रियों ने जमकर पीट दिया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**उज्जैन।** शिप्रा एक्सप्रेस से पति व बच्ची के साथ एक महिला धनबाद से उज्जैन की यात्रा कर रही थी। थर्ड एसी कोच के अटेंडर ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला ने विरोध किया तो उसने मारपीट की। महिला के शोर मचाने पर यात्रियों ने अटेंडर को पकड़कर जमकर पीटा। उज्जैन स्टेशन पर आरोपित को जीआरपी को सौंपा गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच के लिए मामला पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय नगर, रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश को सौंपा है।

पुलिस ने बताया कि रांची निवासी महिला अपने पति व बच्ची के साथ शिप्रा एक्सप्रेस में धनबाद से उज्जैन की यात्रा कर रही थी। महिला व उसके पति के पास कंफर्म टिकट नहीं था। इस कारण वह टॉयलेट के पास बैठकर यात्रा करने लगे। ट्रेन में कोच अटेंडर सादिक पठान निवासी बेरसिया भोपाल ने महिला व उसके पति को टीटीई से बात कर सीट दिलाने का झांसा दिया था। सीट नहीं मिलने पर सादिक ने महिला व उसके पति को अटेंडर सीट दे दी थी।

महिला का पति ऊपरी सीट पर सो गया था। वहीं महिला नीचे की सीट पर बच्ची के साथ सो रही थी। उसी दौरान सादिक ने महिला से अश्लील हरकत की। विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता करने लगा। उस दौरान ट्रेन पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय नगर रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश के पास थी। जहां से करीब 17 घंटे बाद ट्रेन उज्जैन पहुंची। यहां महिला के उज्जैन निवासी परिचित हिंदूवादी संगठन के लोगों के साथ स्टेशन पहुंच गए थे। सुरक्षा के लिए नीलगंगा पुलिस भी जीआरपी थाने पहुंची थी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने महिला कुश्ती पहलवानों का हौसला बढ़ाया

**इंदौर**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज दलाल बाग इंदौर में आयोजित देवी अहिल्या होलकर अंतराष्ट्रीय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में पहुंच कर महिला पहलवानों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, श्री आकाश विजयवर्गीय, तथा अन्य जनप्रतिनिधि ,ओलंपियन साक्षी मलिक मौजूद थीं। उन्होंने सभी महिला कुश्ती खिलाड़ियों को बधाई दी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री के विवादित बयान को लेकर फूलबाग पर किया धरना प्रदर्शन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101

**ग्वालियर-** प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान के विरोध में कांग्रेस ने फूलवाग पर धरना प्रदर्शन किया। मंत्री पटेल ने जनता की मांगों को %भीख% कहा था। इस बयान को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन बताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्वालियर फूलबाग चौराहे पर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। कांग्रेस के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल के खिलाफ नारेबाजी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा ने मंत्री के बयान को निंदनीय बताया। उन्होंने मांग की है कि मंत्री को जनता से माफी मांगनी चाहिए। वहीं कांग्रेस विधायक डॉ सतीश सिकरवार ने मंत्री पहलाद पटेल के भिखारी वाले बयान को बीजेपी का सत्ता में चूर होना बताया और कहां की मंत्री अपने बयान को वापस ले और जनता से माफी मांगे और चेतावनी दी कि अगर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन करेगी।




### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली

## आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/ सहायिका एवं महिला शिक्षिकाओं व स्व सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान




ग्वालियर जनपद पंचायत घाटीगांव (बरई) जिला ग्वालियर में महिला सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर, श्रीमती पल्लवी जैन, विशिष्ट अतिथि श्रीमती लक्ष्मी रावत, मुख्य वक्ता श्री आशुतोष शर्मा डी. एम.पी.जिला पंचायत ग्वालियर, श्री मानवेन्द्र सिंह जल निगम ग्वालियर, मुख्य प्रशिक्षक श्री जितेंद्र तोमर ई टी सी केंद्र ग्वालियर उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुप्रिया चौहान सरपंच ग्राम पंचायत सिमरिया टाँका ने की, कार्यक्रम का संचालन श्री भानु प्रताप सिंह चौहान अध्यक्ष गिर्द विकास युवा मंडल ने की, कार्यक्रम में ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका एवं महिला शिक्षिकाओं व स्व सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया, मध्यप्रदेश शासन द्वारा ग्राम पंचायत सिमरिया टाँका का चयन आदर्श महिला हितेषी पंचायत के रूप में किया गया है, कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का प्रशिक्षण दिया गया।

## एक भैंस को चोरी कर ले गए अज्ञात चोर, जगार होने पर दूसरी को छोड़ भागे

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)



**आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव कुकथला निवासी कुमरपाल सिंह ने गुरुवार को थाना अछनेरा पर शिकायत देकर बताया कि बुधवार रात करीब एक बजे अज्ञात चोरों द्वारा पीड़ित के घर के सामने मैक्स गाड़ी लगाकर पीड़ित की भैंस को मैक्स में चढ़ा लिया जब पीड़ित को खट पट आवाज सुनाई दी तो पीड़ित ने उनसे पुछा की कोन है तो चोरों द्वारा पीड़ित को गोली मारने की धमकी दी और अंदर जाने को कहा पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर उसके पड़ोसी जग गए और ग्रामीणों को आता देख आरोपित एक भैंस को लेकर भागे पीड़ित द्वारा गांव वालों के साथ आरोपियों की गाड़ी का पीछा किया तो चोरों द्वारा उसके ऊपर फायरिंग कर भाग निकले। वही किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह पुलिस से क्षेत्र में गस्त बड़ाई जाने की मांग की है, तीन वर्ष पूर्व भी पशुपालक किसान कुमरपाल कुशवाह की दो भैंस चोरी हो चुकी हैं, बुधवार रात करीब एक वजे वाड़े से एक भैंस को वाहन में लाद लिया दूसरी भैंस को खोलने से पहले जगार होने व हल्ला मचाने पर लदी एक भैंस को लेकर भाग गए।

## रीवा जिले में खनन माफिया का आतंक, राजस्थान का खनन माफिया मध्य प्रदेश में प्रशासन को दे रहा खुली चुनौती

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




रीवा जिले में खनन माफिया का आतंक,प्रशासन की अनुमति के बिना तालाब की मिट्टी खोदी जा रही है !राजस्थान का खनन माफिया मध्य प्रदेश में प्रशासन को दे रहा खुली चुनौती,

अगर मौके पर नहीं हुआ एक्शन यह मामला दोहरा सकता है मध्य प्रदेश के देवरा कोठार में महिला को जिंदा दफनाने वाले मुरूम कांड को,रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर तलाब ग्राम गुढ़वा में खनन माफिया प्रशासन की अनुमति के बिना तालाब की मिट्टी खोदकर बिक्री कर रहे हैं। यह मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है।

सरपंच के मना करने के बाद भी खनन माफिया सरहंगई से खनन का कार्य जोरों से कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है, और वे प्रशासन से जवाब मांग रहे हैं।इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन की अनुमति के बिना खनन माफिया कैसे तालाब की मिट्टी खोदकर बिक्री कर रहे हैं? क्या प्रशासन को इस मामले की जानकारी नहीं है या फिर वे जानबूझकर इस मामले को अनदेखा कर रहे हैं?

बीते दिनों देवरा कोठार में हुए मुरूम कांड में दो महिला को जिंदा दफनाने का मामला प्रदेश से लेकर केंद्र तक तूल पकड़ लिया था प्रशासन एक बार फिर इस तरह की स्थिति को देखने का इंतजार कर रहा है जिस तरह से लगातार रेत माफिया खनन माफिया अपने जज्बातों को लेकर किसी भी हद तक जाने को तैयार हो जाते हैं जिसके चलते कभी पुलिस वाला मारा जाता है तो कभी तहसीलदार तो कभी ग्रामीण के ऊपर रेत से भरे ट्रैक्टर को दौड़ा दिया जाता है क्या प्रशासन को फिर से कुछ इस तरह से कांड हो जाने का इंतजार है इस मामले की जांच होनी चाहिए और खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, प्रशासन को भी अपनी जिम्मेदारी का पालन करना चाहिए और तालाब की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## आगरा शहर में नगर निगम के नाम पर हो रही अवैध वसूली

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)



आगरा* ~आगरा से बड़ी खबर सामने आई है भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. पुष्पेंद्र सिंह व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज सिंह सिकरवार आगरा शहर के चौराहों का भ्रमण करने निकले थे जिसमें देखा गया कि चौराहों पर ऑटो चालकों से नगर निगम के ठेकेदार बनकर कुछ लोग अवैध वसूली करते हुए पाए गए जब चौ.पुष्पेंद्र सिंह व धीरज सिंह ने ऑटो चालकों से बात की तब सामने आया कि नगर निगम के ठेकेदार बनकर कुछ लोग ऑटो चालकों से 50 रुपए से लेकर 200 रुपए की वसूली कर रहे है ऐसे में ऑटो चालकों ने जब पैसे देने से मना करते हुए विरोध किया तो ह्व के साथ धमकी देते हुए ऑटो में सवारी नहीं बैठने दी और आगे से चौराहे पर न आने की धमकी दे डाली लेकिन कुछ ऑटो चालकों ने पैसे दिए भी तो उन्होंने इस पैसे को पूरा करने के लिए अपने ऑटो में ओवरलोडिंग सवारी बैठाते हुए ऑटो चलने लगे जिससे दुर्घटना को न्योता दे दिया ऐसे में ऑटो चालों का मारना हो रहा है अगर पैसे नहीं दे रहे है तो ऑटो नहीं चल रहा है और अगर पैसे देकर ऑटो चला रहे है तो सवारी ज्यादा बैठा रहे है तो दुर्घटना का डर रहता है इस स्थिति में शहर के भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.पुष्पेंद्र सिंह व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज सिंह सिकरवार ने कदम बढ़ाया है और शहर में हो रही नगर निगम के नाम पर अवैध वसूली को रोकने के लिए धरना प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की है

चौ.पुष्पेंद्र सिंह– मैं चौ.पुष्पेंद्र सिंह प्रशासन से अपील करता हूं कि शहर में हो रही अवैध वसूली के मामले प्रशासन कार्यवाही करने का कष्ट करे अन्यथा भारतीय किसान मजदूर यूनियन धीरज धरना प्रदर्शन कर ऑटो चालकों को न्याय के हित में सड़कों पर उतर जाऊंगा

## जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में कार्यरत महिला शिक्षिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गया सम्मानित

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह - जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बनाये गए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में कार्यरत महिला शिक्षिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एडीपीसी एस के असाटी एवं ए पी सी मोहन राय ने पेन पुस्तक पुष्प गुच्छ एवं मैडल द्वारा सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षिकाओं में युक्ति सराफ़, रिचा धगट, बबीता अहिरवाल एवं अंजना राजपूत को सम्मानित किया गया।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर रविवार 9 मार्च 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक


# श्री धर्मश्री के तत्वाधान में निकली अष्टम विशाल ध्वज पदयात्रा

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854



बैरसिया--श्री धर्मश्री संस्था के द्वारा प्रतिवर्ष नजीराबाद से कामखेड़ा बालाजी मंदिर राजस्थान तक निकाली जानी वाली पैदल ध्वज यात्रा 8 मार्च शनिवार को नजीराबाद हनुमान मढ़ी से प्रारंभ की गई। यात्रा का धार्मिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्माला और साफा बांधकर स्वागत किया गया। पैदल यात्रा तीन पड़ावों से होकर 11 मार्च मंगलवार को कामखेड़ा बालाजी मंदिर राजस्थान पहुँचेगी। पदयात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चेतन भार्गव धर्मश्री संरक्षक नूतन सक्सेना अध्यक्ष कृष्णराज सिंह तोमर गन्नू बना सहित सैकड़ों यात्रियों ने हिस्सा लिया इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चेतन भार्गव ने धर्मश्री संस्था की पूरी टीम को पद यात्रा के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि आज के दौर में जहां युवा सोशल मीडिया पर रील बनाने में व्यस्त हैं वहीं इस दौर में भी आज नजीराबाद क्षेत्र के युवा धर्मश्री संस्था के तत्वाधान में धर्म के काम में लगे हुए हैं और यात्रा के माध्यम से धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे हैं यह बहुत खुशी की बात है मैं सभी युवाओं से अनुरोध करता हूं कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों में रुचि लें जिससे हमारे धर्म का प्रचार प्रसार हो सके। वहीं श्री धर्मश्री के अध्यक्ष कृष्णराज सिंह तोमर ने बताया कि संस्था के तत्वाधान में यह पैदल ध्वज यात्रा विगत 7 वर्षों से निरंतर निकाली जाती है वहीं यह यात्रा का आठवां वर्ष है यह यात्रा क्षेत्र और देश की सुख समृद्धि हेतु निकाली जाती है । यात्रा में विभिन्न पड़ाव रहते हैं जहां पर यात्रियों के भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था रहती है वही तोमर ने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पैदल ध्वज यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर




सीहोर, 08/03/2025 श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज, सीहोर के विधि विभाग के छात्रों ने आज सीहोर जिला न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया और लोक अदालत के महत्व को समझने का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। विश्वविद्यालय के कुलगुरु, डॉ. मुकेश तिवारी द्वारा इस कार्यक्रम को छात्रों के भविष्य के लिए सौगात बताया।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर श्री सतीश चंद्र शर्मा ,श्री हेमंत जोशी विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी सीहोर ,श्री एम.के.वर्मा जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर, जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी सीहोर, स्कूल ऑफ लॉ की डीन, डॉ. अमृता सोनी, और विभागाध्यक्ष, श्रीमती शोभा व्यास,एवं समस्त न्यायिक अधिकारी एवं वरिष्ठ विधि व्याख्ता ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। छात्रों ने लोक अदालत में मामलों की सुनवाई, सुलह प्रक्रिया और विवादों के निपटान को करीब से देखा।

लोक अदालतें भारतीय न्याय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो विवादों का समाधान शीघ्र और कम खर्च में करने के लिए स्थापित की गई हैं। इन अदालतों का उद्देश्य आम जनता को न्याय दिलाना है, ताकि वे लंबी न्यायिक प्रक्रियाओं से बच सकें। लोक अदालतों में विश्वविद्यालय के छात्रों और अधिकारियों का भाग लेना समाज में कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ और समग्र बनाता है।

# साइबर फ्रॉड के कारण एक 75 वर्षीय बुजुर्ग ने जहर खाया

## एक साइबर ठग ने 95500 ठगे एक बुजुर्ग से

मारुति लाल विश्वकर्मा



छिंदवाड़ा घटना पिछले तीन महीने की है पर आज खुलासा हुआ जब मृतक वामन राव पिता बारीक राव माहौरे उम्र 75 वर्ष निवासी प्रदर्शनी कॉलोनी ने जहर के सेवन से मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होने पर देहात थाना निरीक्षक मामला को तुरंत संज्ञान में लेते पहुंच कर मार्ग कायम कर कार्रवाई करके अपराध क्रमांक 98 बाते 24 धारा 194 क्नह्हस्र का मामला कायम कर जांच में लिया गया इस दौरान जांच के साक्ष्य के आधार पर दो फर्जी सिम नंबर जो की अज्ञात व्यक्ति के थे जिसके द्वारा मृतक वामन राव को फर्जी तरीके से अश्लील वीडियो द्वारा अपराध गतिविधियों में फंसा कर पैसों की मांग कर करीब 95, ?500 की ठगी की और बोला कि यदि पैसों नहीं करते हैं तो अश्लील वीडियो वायरल कर दूंगा और उसे यूट्यूब में अपलोड करने की धमकी देकर अत्याधिक प्रताड़ित करके उससे पैसे लेते रहा और लगातार पैसों की मांग करता रहा इस कारण से अत्यधिक परेशान होकर वामन राव द्वारा आत्महत्या करना पाया गया । इस अपराध को संज्ञान में लेते हुए विवेचना करने के बाद उक्त मोबाइल नंबर को साइबर सेल से ली जानकारी में डाला गया और जो मामले सामने आए कि उक्त आरोपी हरियाणा राजस्थान बिहार राष्ट्रीय स्तर के ठग गिरोह का होने का मामले में गंभीरता को लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय छिंदवाड़ा श्री अजय पांडे एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महोदयश्री अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय राणा एवं थाना प्रभारी देहात के निर्देशन में टीम गठित की गई नई तकनीकी अनुसंधान कर और उपयोग को का मोबाइल नंबर ट्रैक कर टीम को हरियाणा रवाना कर जिससे टीम द्वारा लगातार अब तक प्रयास कर आरोपी आरोपी को ग्राम उटावर जिला पलवल हरियाणा में पकड़ा गया, जिसे थाना देहात में लाया गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना जुर्म कबूल किया गया एवं घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल पेश किए गए जप्त किए गए पुलिस ने लिया गया आरोपियों को गिरफ्त कर न्यायालय के समक्ष पेश कर 7 दिन के डिमांड में रखा गया ।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर योग शिक्षिकाओं का किया सम्मान

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर



**सीहोर।** प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ सीहोर के तत्वाधान में अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर योग का कार्य समाज और विद्यार्थियों के मध्य करने वाले योग शिक्षिकाओं का सम्मान का आयोजन आवासीय खेलकूद संस्थान के सभा गृह में किया गया। सममान समारोह में मुख्य अतिथ के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक शर्मा प्राचार्य आवासीय खेलकूद संस्थान, विशेष अतिथि के रूप में अनिल शर्मा अध्यक्ष पेंशन एसोसिएशन एवं पं.संतोष शर्मा राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत जिला योग प्रभारी मनोज व्यास, जिला योग सह प्रभारी संजय सक्सेना, अंकुर शर्मा, आनन्द चन्देल, प्रदीप नागिया, नरेश मेवाड़ा एवं विनोद सेनी ने किया। मुख्य अतिथि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को इतना सशक्त बनाना है कि महिला दिवस मनाने की आवश्यकता महसूस ना हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, आलोक शर्मा ने कहा कि योग शिक्षिकाओं को जो सम्मान मिलने जा रहा है, वह उनके समर्पण एवं उत्तम कार्यशेली तथा योग के प्रति उनके कार्यों के लिये दिया जा रहा है, इसके लिये उन्हें बधाई। इस अवसर पर विशेष अतिथियों ने भी अपना उदबोधन दिया। इस अवसर पर महिला योग गुरुओं सोना पंवार, छाया यादव, आरती राठौर, स्मिता चन्देल, आशा शर्मा, मनोरमा कटारे, बसंती यादव, प्रमोद खत्री, सीमा सक्सेना, सीमा खरे, रविना रुहिल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वागत भाषण जिला योग प्रभारी मनोज व्यास ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया द्वारा किया गया। अंत में आभार अंकुर शर्मा ने व्यक्त किया।

# मैहर सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर बी के गौतम के ऊपर जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य विभाग अधिकारी मेहरबान क्यों ?

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




मामला है मैहर जिला का जहां पर सिविल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर बी के गौतम अपनी निजी क्लीनिक को नर्सिंग होम बनाकर मरीज का कर रहे उपचार इस मामले को जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य विभाग अधिकारी को अवगत कराया गया लेकिन इस मामले में किसी ने गंभीरता से नहीं लिया जो आए दिन इस प्रकार का मामला सामने आता है अगर किसी भी दिन दुर्घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार कौन क्या लेंगे डॉक्टर बी के गौतम अपनी जिम्मेदारी डॉ वीके गौतम अपना जितनी निजी क्लीनिक पर ध्यान रखते हैं अगर उतना मैहर सिविल अस्पताल पर ध्यान रखें जिला का विकास एवं अस्पताल का विकास होगा और जिले की हॉस्पिटल की व्यवस्था चौपट इस प्रकार है कि स्वस्थ व्यक्ति अगर हॉस्पिटल चला गया वो भी बीमार हो जाएगा जिला स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा बार-बार आश्वासन देने के बाद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई डॉक्टर बी के गौतम के ऊपर जिला स्वास्थ्य अधिकारी यल के तिवारी तिवारी मेहरबान क्यों

# बजरंग दल के जिला अध्यक्ष पर आरोप,रात में फोन कर मांगा खाना, मना करने पर गालियां दी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददातावीरू गौतम




पीलीभीत पूरनपुर मैं एक सिख होटल के मालिक को कथित तौर पर बजरंग दल के जिला अध्यक्ष ने धमकी दी है। क्या घटना 7 मार्च की रात की है घुंचाई चौराहा स्थित भिंडसे होटल एंड रेस्टोरेंट के मालिक गुरनाम सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि रात करीब 11ः15 उनके बेटे के मोबाइल पर कॉल आई। कॉलर ने के खुद को बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा बताया और आलोक होटल पर खाना भिजवाने की मांग की। होटल बंद होने की बात बताने पर आरोपी और उनके साथियों ने गालियां दी। उन्होंने फूड इंस्पेक्टर से सैंपल भरवाने की धमकी दी साथ ही 2 साल तक अपनी पावर होने का दावा किया शिकायत के अनुसार, आरोपी ने अगले दिन रात रेस्टोरेंट में आकर कैटलॉग फेंकने और सिख धर्म के प्रतीक केश की बेआदवी करने की धमकी दी। पीड़ित के पास पूरी बातचीत की रिकॉर्डिंग हैबजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा सभी आरोप आपको निराधार बताया है। उनका कहना है कि खाना मंगवाने को लेकर मामूली बातचीत हुई थी अब इसे सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा है

# पीस कमेटी की बैठक - शान्ति पूर्ण तरीके से मनायें पर्व हुड़दंग, अभद्रता करने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाई!ओम प्रकाश तिवारी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी



रामसनेहीघाट बाराबंकी। होली और रमजान पर्व को लेकर शनिवार को कोतवाली में एसडीएम के निर्देश पर कोतवाली निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में पीस कमेटी का आयोजन किया गया।पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम रामआसरे वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बनीकोडर , चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी ब्लाक से सम्बंधित अधिकारियों की मौजूदगी में हुई। क्षेत्र के संभ्रांत लोग सहित ग्राम प्रधान मौजूद थे। बैठक में यह कहा गया कि होने वाले त्यौहार को शान्ति पूर्ण तरीके से मनाया जावे। किसी प्रकार की कोई आपत्ती नही होनी चाहिए। शराब पीकर लोग हुड़दंग ना मचावे। त्यौहार को शालीनता के साथ मनाया जाये। अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अभद्रता करता है तो तुरन्त सूचना दी जाय और उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# महादेव माती गांव के खेतों में घूमता दिखा बाघ,किसान दहशत में

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम



पीलीभीत पूरनपुर टाइगर रिजर्व से एक बाघ मानव बस्ती की और निकल आया है। बाघ सेहरामऊ थाना क्षेत्र के महादेव माती गांव के पास देखा गया है स्थानीय लोगों ने बाघ का वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में बाघ को पहले सड़क पार करते हुए और फिर खेतों की तरफ जाते हुए देखा गया इसके बाद वहां एक पेड़ पर चढ़ने का प्रयास करते हुए नजर आया। बाघ की मौजूदगी से क्षेत्र के किसानों में दहशत का माहौल है किसानों ने बताया कि डर के कारण अपने खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं इससे उनका कृषि कार्य प्रभावित हो रहा हैवन विभाग के अधिकारियों ने कहा की बाघ की निगरानी के लिए एक टीम तैनात कर दी गई है। नेपाल के शुक्ला फंट सेंचुरी से निकाल कर आए नेपाली हाथी इन दोनों पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगलों के आसपास के गांव में दहशत फैला रहे हैं हाथियों का दिन का समय तो जंगल के अंदर ही बितता है लेकिन रात के समय हाथी मानव आबादी के करीब आकर खेतों को उजाड़ने का काम करते हैं जिसके चलते कई गांव हाथियों की दहशत में जी रहे हैं

# ग्राम पंचायत मालगांव में उपसरपंच पद पर विजयी हुई श्रीमती पुष्पा जैन सभी पंचों ने मिलकर किया स्वागत

केसरिया हिन्दुस्तान से दीनदयाल साहू




दुधावा --आपको बता दें कि जनपद पंचायत नरहरपुर के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मालगांव में नव निर्वाचित पंच द्वारा उपसरपंच का चुनाव किया गया, जहां श्रीमती पुष्पा जैन को नवनिर्वाचित उपसरपंच के पद पर नियुक्त किया गया। नियुक्त होने पर सभी पंचों एवं उपस्थित ग्रामीणों द्वारा फूल माला पहनाकर एवं गुलाल से स्वागत किया गया। एवं लोगों ने पटाखे फोड़कर जश्न भी मनाए। जहां नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती संगीता मरकाम, नवनियुक्त सभी वार्डपंच, संतोष जैन (ग्रामीण), एजीत जैन (ग्रामीण), सियाराम मंडावी (ग्रामीण), शांता नेताम, हंसू राम निषाद एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। साथ साथ आपको यह भी बता दें कि जनपद पंचायत नरहरपुर में आने वाले 71 ग्राम पंचायतों में 8 मार्च को उपसरपंच पद के लिए चुनाव हुआ। जहां चुनाव से पहले हर पंचायत में मतदान के लिए पंचों को 45 मिनट का समय दिया गया था। की नियुक्ति की गयी थी।

जहां सबसे पहले सुबह 11 बजे से 11ः30 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यवाही पंजी में पंचों का हस्ताक्षर लेना एवं लेखा कार्य की गयी।सुबह 11ः30 बजे से दोपहर 12 बजे तक पीठासीन अधिकारी ने नामांकन फार्म प्राप्त किया। जहां 1 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई, एवं तत्काल मतगणना की गयी।

# पति-पत्नी की मौत के बाद बाबा ने जलती चिता में कूदकर भी दी जान

**बहरी थाना क्षेत्र के सिहोलिया गांव की घटना**

**सीधी।** जिले के बहरी थाना क्षेत्र के सिहोलिया गांव में पति.पत्नी की दर्दनाक मौत के बाद एक और हृदय विदारक घटना सामने आई है। मृतक अभय राज यादव के बाबा रामावतार यादव 65 वर्ष ने शुक्रवार रात जलती चिता में कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से गांव में दहशत और मातम का माहौल है। पुलिस के अनुसार अभय राज यादव द्वारा पत्नी सविता यादव की कुल्हाड़ी से हत्या और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या करने के बाद पूरा परिवार सदमे में था। शुक्रवार रात जब दोनों के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी और चिता जल रही थी तभी रात करीब 9 बजे रामावतार यादव अचानक चिता की ओर दौड़े और खुद को आग में झोंक दिया। जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई। मृतक रामावतार यादव के नाती अवधेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि मेरे बड़े भाई अभय राज यादव को मेरे दादाजी बहुत मानते थे और वह उन्हीं के साथ रहते थे। कोई काम भी होता था तो पैसे उन्हीं को देखकर उनसे काम करवाते थे।





### रात के अंधेरे में हुए गायब, सुबह मिला शव :-

मृतक के परिजन ने बताया कि जब भाई की मौत हुई तब दाह संस्कार हेतु हम सब लोग जा रहे थे पर दादाजी ने वहां जाने से मना कर दिया। कहा मुझे यह सब नहीं देखा जाएगा। लेकिन न जाने रात में क्या हुआ कि अचानक रात में वह कहीं चले गए जब हम सब सुबह देखे तब उनका कहीं पता नहीं चला। हम सब घर के लोगों ने पहले आसपास के कुएं में देखा फिर आसपास के क्षेत्र में जाकर पूछताछ की जब कहीं नहीं मिले तब भाई के चिता के पास गए तब बाबा जी वहां लेटे हुए थे। जलने की वजह से उनकी मौत हो गई थी। जिसको सूचना हमने थाना प्रभारी को शनिवार की सुबह 9 बजे दी।

### सदमे की वजह से की आत्म हत्या :-

गांव के लोगों का कहना है कि रामावतार यादव अपने पोते और बहू की मौत के सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनके लिए यह त्रासदी असहनीय थी। परिवार के तीन लोगों की मौत से सिहोलिया गांव शोक में डूबा हुआ है। बहरी थाना पुलिस ने रामावतार यादव के शव को भी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब तीनों मौतों की गहन जांच कर रही है और हर पहलू पर बारीकी से नजर रख रही है।

### मासूमों का भविष्य हुआ अंधकारमय :-

इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीण अब उन मासूम ब'चों के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं, जो इस हादसे के बाद पूरी तरह अनाथ हो गए हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि ब'चों की सुरक्षा और देखभाल के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# साप्ताहिक कॉम्बिग गश्त में पुलिस नें 43 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**सीधी ।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना चौकी के प्रभारियों के नेतृत्व में 7 एवम 8 मार्च की दरम्यानी रात जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 8 स्थाई वारंट एवं ×5 गिरफ्तारी वारंट कुल 4× वारंट तमिल किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। साथ ही गस्त के दौरान 29 गुण्डा बदमाश एवं 19 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। सीधी पुलिस सप्ताह में एक बार फरार आरोपियों के धर पकड एवं गुंडा.निगरानी बदमाश के तलाशी हेतु कॉम्बिग गश्त अभियान चलाया जाता है। जिसमे विभिन्न अपराधों जैसे. हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि जैसे अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इसी क्रम में अभियान स्तर पर कार्रवाई करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक रात में 43 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# मोगली पलटन की पहल - फूल से होली खेलना का दे रहें संदेश



**सीधी।** ऋषिकेश फाउण्डेशन की बाल सेना मोगली पलटन ने इस बार पर्यावरण हितैषी होली अभियान चलाने का फैसला किया है। इस अभियान का नाम फूल से फगुआ रखा गया है। फूल से फगुआ के अंतर्गत होली फूलों और स्थानीय वनस्पतियों से बने रंगों से खेली जाएगी। ऋषिकेश फाउण्डेशन के सेवादार और मोगली पलटन के बाल सेनानी अब की ददुआ, फूल से फगुआ मनायेंगे और स्थानीय स्तर पर लागों को इस पहल में शामिल होने के लिये प्रेरित करेंगे। हाल ही में पद्मश्री फूलबासन बाई यादव एक कार्यक्रम में शिरकत करने सीधी आयी थीं। इसी दौरान फूलबासन जी ऋषिकेश आश्रम पहुँची और सभी से मुलाक़ात की। बातचीत के दौरान फूलों से बने रंगों का विचार रखा गया। फूलबासन की अगुआई में छत्तीसगढ़ में हरियाली बहनें फूलों और वनस्पतियों से रंग बनाकर रोजगार भी हासिल कर रही हैं। ये पहल बेहद सामयिक, अनिवार्य और हरित रोज़गार के साथ महिलाओं का आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। हरियाली बहनों की तर्ज पर मोगली पलटन भी देशज फूलों और वनस्पतियों से रंग बनाएगी और होली खेलेगी। आमजन को पर्यावरण हितैषी होली मनाने को प्रोत्साहित करने के लिए ये इकोफ्रेंडली रंग कुछ चुनिंदा विद्यालयों एवं अन्य सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय लोगों को भेंट भी किए जाएँगे। मोगली पलटन ने सभी ब'चों से अपील की है कि यदि आप ऐसा भविष्य चाहते हैं जिसमें स्व'छ हवा हो, पीने लायक पानी हो और खेती लायक जमीन हो तो ये नारा ध्यान रखिए.अब की ददुआ, फूल से फगुआ।

# गौ वंश प्रेमियों ने सांसद का किया अभिनंदन

**गौ वंश सेवको को हतोत्साहित करने वालों के विरुद्ध होगी कठोर कार्यवाही - डॉ. राजेश मिश्र**



**सीधी।** सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्र के द्वारा बेसहारा गौ वंश की वर्तमान परिस्थितियों के संबंध में जन हितैषी समस्या को लोकसभा में प्रभावी ढंग से ध्यान आकृष्ट कराया गया। बताया गया कि सांसद डॉ राजेश मिश्र संभवत: देश के पहले सांसद हैं जिन्होंने गौ वंश की वर्तमान समस्याओं के संबंध में देश की सर्वो'च संस्था लोकसभा में आवाज उठाई है। जिसके संबंध में सीधी जिले के प्रमुख गौ वंश प्रेमियों के द्वारा 7 मार्च को सायं 7 बजे गौ वंश प्रेमी श्रीमती पूनम तिवारी एवं संजीव तिवारी द्वारा सांसद डॉ राजेश मिश्र का अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सर्व प्रथम माननीय सांसद जी का शाल, श्रीराम चरित मानस एवं गौ माता का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया तत्पश्चात सभी गौ वंश प्रेमियों ने माल्यार्पण कर माननीय सांसद का स्वागत किया।

सा ंसद राजेश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि मैं स्वयं किसान हूं इस कारण बचपन से गौ वंश के साथ जीवन व्यतीत करने एवं उनकी सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ, निश्चय ही गौ वंश वर्तमान में सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। गौ वंश कोई जंगली पशु नहीं है जो गौ शालाओं से बाहर करने पर जंगल में आश्रय लेगा, वह इंसानों के समीप रहने वाला प्राणी है। इस कारण गौ पालकों के द्वारा बेसहारा करने पर सड़क में आकर आश्रय लेता है और दुर्घटना का शिकार होता है। गौ वंश प्रेमियों के द्वारा आमंत्रित कर सम्मानित करने पर सभी गौ वंश प्रेमियों को साधुवाद देते हुए उन्होंने कहा कि गौ वंश के संदर्भ में आपकी पीड़ा स्वाभाविक है, इसी कारण देश की सर्वो'च संस्था लोकसभा में आपकी पीड़ा एवं गौ वंश की वर्तमान परिस्थितियों को प्रभावी ढंग से उठाया एवं भविष्य में इस गंभीर विषय पर प्राईवेट बिल लाने के लिए प्रयत्नशील हूं। जहां तक जिले की शासकीय गौ शालाओं के कुप्रबंधन की बात है जल्द ही सुव्यवस्थित करने के लिए प्रयासरत हूं, जिले के पशु चिकित्सालयो में अव्यवस्था चिकित्सकों की लापरवाही, गौ वंश प्रेमियों के प्रति उपेक्षा पर उनकी नजर है। जिसे ठीक करने के लिए जल्द प्रयास किया जायेगा, जो गौ वंश प्रेमी निस्वार्थ भाव से गौ वंश की सेवा कर रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित करने के बजाय हतोत्साहित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# नारी समाज की आदर्श शिल्पकार हैं : बाबूलाल



**सीधी।** थनहवा टोला शीतलदास मंदिर के समीप डैनिहा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे वार्ड की बायोवृद्ध महिलाएं चौरसिया कुशवाहा, सोमवती शर्मा एवं स्वास्थ्य केन्द्र की डॉक्टर श्रीमती रूचि सिंह को साल.श्रीफल देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित महिलाओं एवं ब'चों की जांच कर दवाईयां वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा नेता पार्षद बाबूलाल कुशवाहा ने कहा कि नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान हैं, हम सबको महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने के लिए उनका सहयोग करना होगा। भारत की वैचारिक विरासत ही नारी सम्मान की रही है, सामाजिक वातावरण में मर्यादा होगी तभी नारी का सम्मान होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी ने कहा कि भारत की परम्परा, संस्कृति और चिन्तन में नारी का सम्मान रहा है वैदिक इतिहास उपनिषदों की गाथाएँ बताती हैं कि महिलाएँ ज्ञान एवं युध्द कला में भी परंगत थी। नारी सृष्टि की प्रतीक हैं सृष्टि में ऐसी कोई शक्ति नहीं है जो उन्हें शक्ति प्रदान कर सके आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अग्रणी रूप में काम कर समाज एवं देश को समृद्ध बनाने में योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता श्रवण सिंह चौहान तथा आभार पुष्पेन्द्र उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर डॉ.साधना शर्मा, सुभांगी गुप्ता, अंजली विश्वकर्मा, नीलम दीक्षित, स्वास्थ्य कर्मी दीपक त्रिपाठी, राकेश केवट, आशा कार्यकर्ता तथा वार्ड की महिलाएँ उपस्थित रहें।

# विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में थाना शुजालपुर सिटी में महिला स्टाफ का सम्मान

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला शाजापुर मुकेश पांचाल**

**शुजालपुर।** आज, 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर थाना शुजालपुर सिटी में थाना प्रभारी प्रवीण पाठक ने महिला पुलिसकर्मियों का सम्मान किया। इस खास दिन पर, अधीनस्थ महिला स्टाफ का उत्साहवर्धन करने के लिए थाना प्रभारी ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में उप निरीक्षक भारती डाबर, महिला आरक्षक मंजू मालवीय, महिला आरक्षक लक्ष्मी और महिला सैनिक भूरी शामिल थीं। महिला स्टाफ के योगदान को सराहते हुए थाना प्रभारी ने सभी को 2 दिनों का अवकाश भी दिया, ताकि उनके मनोबल को और बढ़ाया जा सके।



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर रविवार 9 मार्च 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# करोड़ों की योजनाएं, अफसर शाही के आगे चढ़ रही भ्रष्टाचार की भेंट

## 33 करोड़ की लागत से निर्मित सीसी रोड चढ़ गई भ्रष्टाचार की भेंट

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

**इमझिरा।** विगत 4 वर्ष पूर्व तेंदूखेड़ा डोभी बरमान सड़क का निर्माण लगभग 33 करोड़ की लागत से संबंधित ठेकेदार द्वारा किया गया था। जिसके रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की थी किंतु लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के कारण उक्त सड़क मार्ग पर बीचो-बीच लगभग आधा फुट से 1 फुट की दरारें आ गई हैं, परिणाम स्वरूप दो पहिया वाहन चालकों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कभी भी उक्त दरारें बड़ी दुर्घटना घटित कर सकती हैं, ज्ञात हो कि क्षेत्र वासियों द्वारा निर्माण के दौरान ठेकेदार से सहानुभूति पूर्वक कहा भी गया था कि बड़ी मुश्किल से सड़क का निर्माण हो रहा है कृपया गुणबत्ता पूर्ण मार्ग का निर्माण करें किंतु पीडब्ल्यूडी विभाग की हीला हवाली के चलते गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण किया गया है। दरारों के अलावा जगह जगह से रोड के बीचों बीच से भी दरारे दिखने लगी है जो इस बात का अंदेशा दे रही हैं की मार्ग का निर्माण कितनी गुणवत्ता हीन तरीके से किया गया है, 24 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों साइड की पटलियो पर भी गाजर घास व



झाड़ियां हो गई है जिससे पटलिया दिखाई नहीं देती। स्थानीय निवासी अजय शर्मा का कहना है कि जगह-जगह मार्ग में गड्ढे निकल आए हैं जिससे आगे चल कर और क्षतिग्रस्त होता चला जाएगा, यदि समय रहते मार्ग पर ध्यान ना केंद्रित किया गया तो आने वाले समय में और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान डोभी के समीप छोटी पुलिया के निर्माण की बात भी अधिकारियों व ठेकेदार से की थी किंतु उक्त पुलिया का निर्माण मनमानी तरीके से करा कर खानापूर्ति करा दी गई, जिसके कारण बरसात मैं सड़क आवागमन बंद हो सकता है तथा निचले स्तरों में बने मकानों में भी जलभराव हो जाता है। जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग अधिकारियों से ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात पूर्व पुलिया का पुन: निर्माण कराया जाए। दरारों को डामल से भर कर की गई खाना पूर्ति् विगत कुछ समय पूर्व जब इस मुद्दे को अखबारों के माध्यम से प्रकाशित कराया गया था तो लोक निर्माण विभाग द्वारा आनन फानन में इन दरारों को डामल और मुरम से भरकर खाना पूर्ति कर दी गई थी, परंतु एक से दो महीने के बाद रोड में फिर से पुन: वही स्थिति निर्मित हो गई है जिसके कारण आए दिन रोड पर दो पहिया वाहन वाले गिरकर हादसे का शिकार हो रहे हैं

# नजीराबाद हनुमान मढ़ी से कामखेड़ा बालाजी राजस्थान के लिए पैदल यात्रा हुई रवाना



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, प्रेम सिंह कुशवाह

श्री धर्मश्री के तत्वावधान में आठवीं विशाल पदयात्रा हनुमान मढ़ी नजीराबाद से कामखेड़ा बालाजी राजस्थान के लिए पैदल यात्रा आज रवाना हुई यात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा के चार पड़ाव होंगे जिसमें पहला पड़ाव मकसूदनगढ़ दूसरा पड़ाव विनागंज तीसरा पड़ाव मनोहर थाना होगा और चौथे दिन यात्रा कामखेड़ा बालाजी राजस्थान में हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना पश्चात यात्रा का समापन होगा। यात्रा निरंतर 7 वर्षों से निकाली जा रही है यात्रा का यह आठवां वर्ष है यात्रा देश में सुख समृद्धि के लिए निकाली जाती हैं। यह यात्रा 120 किलोमीटर की है जिसमें सभी यात्री पैदल यात्रा करेंगे। यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता चेतन भार्गव जी,यात्रा संरक्षक नूतन सक्सेना जी , श्री धर्मश्री अध्यक्ष कृष्णराज सिंह तोमर गन्नू बना एवं सैकड़ों धर्म प्रेमी बंधु शामिल हुए।

# बालिपूर माँ अंबिका आश्रम में 6 से 13 मार्च तक ब्रह्मलीन संतश्री गजाननजी महाराज का 105 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन

मनावर के समीप ग्राम बालिपूर के माँ अंबिका आश्रम में 6 से 13 मार्च तक ब्रह्मलीन संतश्री गजाननजी महाराज का 105 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसकी तैयारीयां प्रारंभ हो गई है।धार जिले के सबसे बड़े इस धार्मिक आयोजन को लेकर आश्रम के संत योगेशजी महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन संतश्री गजाननजी महाराज का 105 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें करीब 50 हजारों से अधिक भक्त शामिल होंगे। बताया कि मुख्य आयोजन 13 मार्च को आयोजित





होगा जिसमें भक्तों की भीड़ व यातायात को सुचारू रूप से चलने के विभिन्न समतियों का गठन कर जिम्मेदारीया दी गई है। बालीपुर धाम में 6 से 13 मार्च तक होने वाले कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धाल, शोभायात्रा, पार्किंग स्थल, भंडारा स्थल व बालीपुर धाम में आने वाले प्रमुख मार्गों पर यातायात नियंत्रण आदि व्यवस्थाओं के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा।आश्रम के भक्त राजू देवड़ा ने बताया कि बाबाजी का 105वाँ जन्म महोत्सव फाल्गुन शुक्ल सप्तमी से होली पूर्णिमा तक मनाया जाएगा। बताया कि 6 मार्च गुरुवार से 12 मार्च बुधवार तक माँ अम्बिका आश्रम, बालीपुरधाम में दुर्गा चालीस व हनुमान चालीसा के सवा लाख पाठ सामुहिक रूप से संगीतमय पाठ के साथ सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिदिन होगा। जिसमें प्रत्येक साधक को 51 पाठ दुर्गा चालीसा एवं 51 पाठ हनुमान चालीसा के करना है।साथ ही गुरुदेव द्वारा अभिमंत्रित सिद्ध-रुद्राक्ष का वितरण किया जायेगा।आश्रम में अखण्ड 108 रामायण पाठ, गणेश पूजन के अलावा सवा लाख दुर्गाअष्टोत्तर पाठ, गायत्री पुरश्चरण,रुद्राभिषेक,नित्य यज्ञ गुरूदेव पूजन अभिषेक आरती ब्राह्मणो द्वारा की जाएगी।इसी प्रकार अंबिका आश्रम बालीपुर धाम में गरबा मंडल व मातृशक्ति द्वारा फाग उत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा।

# महिला सफाई मित्रों का सम्मान, हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं महिलाएं एसडीओपी निलम बघेल

**रतलाम सैलाना।** संविधान निर्माण से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन तक महिलाओं का अहम योगदान रहा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं। यह बात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर परिषद द्वारा आयोजित महिला सफाई मित्रों के सम्मान समारोह में एसडीओपी नीलम बघेल ने कही। बघेल ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक छोटे से गांव की महिला आज देश की राष्ट्रपति बनी हैं। भारत में विश्व की सबसे अधिक महिला पायलट हैं। महिलाएं अब घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर समाजहित में योगदान दे रही हैं। विशेष अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेश मालवीय ने नगर परिषद द्वारा महिला दिवस पर किए गए इस नवाचार की



सराहना की। परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला, सीएमओ मनोज शर्मा और उनकी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में नगर परिषद ने 31 महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नीलम बघेल का परिषद द्वारा शाल और श्रीफल से सम्मान हुआ। परिषद अध्यक्ष और सीएमओ ने भी संबोधित कर सम्मानित महिलाओं को बधाई दी और उनके जज्बे को सलाम किया। स्वागत भाषण सीएमओ शर्मा ने दिया व संचालन मंगलेश कसेरा ने किया। कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती मीरा पाटीदार, श्रीमती सलोनी मांडोत, श्रीमती चंदा पारगी, श्रीमती कृष्ण चंदेल, श्रीमती पुष्पा राठौड़, श्रीमती आशा कसेरा, मंगलेश कसेरा विधायक प्रतिनिधि शिवा गेहलोत, स्वस्थ निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह चोहान, अभिमन्यु ग्वाले, धीरज रावत, विजय शर्मा, हुक्मीचन्द्र परिहार, शैलेन्द्र सिंह राठौर आदि मौजूद थे।

## समर्थकों ने धूमधाम से मनाया भाजपा नजीराबाद मंडल अध्यक्ष का जन्मदिन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रेम सिंह कुशवाहा नजीराबाद



**नजीराबाद।** भाजपा नजीराबाद मंडल के मंडल अध्यक्ष एंव पूर्व पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष रामबाबू गुर्जर का जन्मदिन नजीराबाद में उत्साह और उमंग के सांथ धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन पर दिनभर शुभचिंतकों और गणमान्य नागरिकों का बधाईयां देने का सिलसिला जारी रहा! श्री गुर्जर ने अपने जन्मदिन की शुरुआत परिवार में बड़े बुजुर्गों एंव वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेकर मां हरसिद्धि के दरबार में पूजा अर्चना कर नगर सहित प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की स्वागत की बेला सर्वप्रथम अमरपुर ट्रेडर्स 3 एंटरप्राइजेज से हुई वहां जनपद पंचायत अध्यक्ष कुवेर सिंह गुर्जर की उपस्थिति में अनेकों समर्थकों के सांथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर घुरारी नदी पर श्रमदान, जल सहेलियों को सम्मानित किया गया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी

समाजसेवी संस्थान निवाड़ी द्वारा ग्राम चकरपुर के पास स्थित घुरारी नदी पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसमें जल संरक्षण और संवर्धन के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जल सहेलियों ने समुदाय को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया और उन्हें इस दिशा में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत एक सम्मान समारोह से हुई, जिसमें शिवानी सिंह ने इस साल के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम, महिला और किशोरियों के अधिकार, समानता और



सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि यह दिन महिलाओं की शक्ति और संघर्ष को मान्यता देने का दिन है, और हमें इसे गर्व के साथ मनाना चाहिए। समारोह में जल सहेलियों को जल रत्न से सम्मानित किया गया, साथ ही जल सहेली के जल यात्रा में सहयोग करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। इन कार्यकर्ताओं को जल रत्न सम्मान एवं मूवमेंट से प्रोत्साहित किया गया। चकरपुर चौकी प्रभारी अजान सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के लिए केवल एक दिन ही नहीं, बल्कि हर दिन उनके संघर्ष और योगदान को सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और महिला हितेषी कानून, जिससे महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। इस कार्यक्रम में 7 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता, परमार्थ संस्था के कार्यकर्ता और जल सहेलियाँ उपस्थित रही। इस अवसर पर सभी ने मिलकर जल संरक्षण के महत्व को समझा और इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# आगामी त्यौहार को देखते हुए थाना कोतवाली निवाड़ी में शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया

देनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो अमित जोशी निवाड़ी

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय निवाड़ी श्री राय सिंह नरवरिया जी के निर्देशन, में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय निवाड़ी श्रीमती ज्योति ठाकुर के मार्गदर्शन में एसडीओपी महोदय निवाड़ी श्री मनमोहन सिंह बघेल के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निवाड़ी द्वारा थाना परिसर थाना कोतवाली निवाड़ी में गणमान्य नागरिकों, शांति समिति के सदस्यों, पत्रकार बंधुओ के समक्ष शांति समिति की बैठक आगामी त्योहारों के मद्देनजर आयोजित की जिसमें आगामी त्यौहार होलिकादहन



,होली, ईद ,गुड़ी पड़वा, रामनवमी, नवरात्रि ,रंग पंचमी आदि पर्वों को शांतिपूर्वक मनाने एवं सोशल मीडिया पर सतर्क रहने व आसामाजिक व आपराधिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही ,शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन ,होली पर्व पर पुलिस पार्टी एवं माइक्रो बीट प्रणाली के माध्यम से लगातार पेट्रोलिंग गस्त करने संबंधी चर्चा की ,सुझाव लिए इस बैठक में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष गुलाब अहिरवार नगर परिषद उपाध्यक्ष सत्यदेव तिवारी सुनील डाबर तहसीलदार मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद कुमार तिवारी थाना कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार एवं उनकी टीम एवं नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे

# थाना सरई में होली व रमजान को लेकर नायब तहसीलदार अमित मिश्रा व उप निरीक्षक सूरज सिंह के उपस्थिति में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

केसरिया हिंदुस्तान दैनिक समाचार पत्र बृजेश तिवारी 8827740766

सिंगरौली जिले के सरई थाना परिसर में शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में होली पर्व को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। नायब तहसीलदार अमित मिश्रा ने उपस्थित जनों का स्वागत किया एवं कहा कि होली भारतीय संस्कृति का वह रंगीन पर्व है, जो समाज में भाईचारा, सौहार्द और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाना चाहिए, किन्तु किसी भी प्रकार की अशोभनीय हरकतें, अश्लील गाने, जबरन रंग लगाने या हुड़दंग करने जैसी गतिविधियों से परहेज करना आवश्यक है। थाना प्रभारी ने बैठक में मौजूद सरपंचों व व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने गांव व मोहल्लों में लोगों को जागरूक करें, ताकि त्योहार शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो। उन्होंने



यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने, तेज आवाज में डीजे बजाने या अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और कानून सम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी प्रकार की अफवाह फैलती है या असामाजिक तत्व शांति भंग करने का प्रयास करते हैं, तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। इस बैठक में ,जनप्रतिनिधि ,पार्षदगण , समाज सेवी ,व्यापारीगण ,पत्रकार बंधु, आम जनमानस,व थाने के कई पुलिस स्टाफ सम्मिलित हुए।

## विधायक डॉ चिंतामणि मालवीय के प्रयासो से मिली स्वीकृति



केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक

**जावरा।** ताल सीतामऊ रोड पर आलोट विधानसभा के ग्राम अनाखेड़ी में अधूरे पड़े चम्बल पुल का कार्य जल्द होगा प्रारंभ। यह पुल पिछले 6 वर्षों से अधूरा पड़ा था, जिससे स्थानीय निवासियों को विशेषकर बारिश के मौसम में आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सुचना मिलने पर विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय जी ने स्वयं इस पुल का निरीक्षण किया था। ठेकेदार की निष्क्रियता के कारण प्रोजेक्ट रुका हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप सेतु निगम द्वारा ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया गया। विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय जी ने इस मुद्दे को प्राकलन समिति में उठाया और संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया। उनके प्रयासों से चम्बल पुल निर्माण की पुन: स्वीकृति मिली है। सेतु निगम ने लगभग 10 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से नए सिरे से टेंडर जारी किया है। इससे उम्मीद है कि पुल का निर्माण शीघ्र ही पूरा होगा, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी।

# जिस देवता के नाम का दिन होता है, उस दिन उस देवता का प्रभाव ज्यादा रहता है : बाबा उमाकान्त जी महाराज

## जैसे रविवार के दिन; सूरज की गर्मी अन्य दिनों की अपेक्षा ज़्यादा रहती है

उज्जैन परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने कहा कि विश्व के अधिकतर देशों में रविवार के दिन छुट्टी रखते हैं। अब क्यों रखते हैं? क्यों आराम कराते हैं? क्योंकि शरीर को आराम की भी ज़रूरत होती है। कुछ चीजें ऐसी होती हैं जो नुकसान करती हैं, जैसे ठंडी या गर्मी अगर ज़्यादा हो जाए तो नुक़सान करती है, इसीलिए इनसे बचत करनी पड़ती है। ये जो दिन हैं, ये देवताओं के नाम से बनाए गए हैं। महीने में, जिनके नाम पर (देवता के) महीने का नाम होता है, उनका प्रभाव उस महीने में ज्यादा रहता है, इसी तरह से दिन में भी उन देवता का प्रभाव ज्यादा रहता है जिनके नाम पर उस दिन का नाम पड़ा है। अब जैसे रवि (सूरज)! तो रविवार के दिन सूरज की गर्मी अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा रहती है। तो जो गर्म देश हैं, उनमें शरीर को गर्मी से बचाने के लिए इस दिन छुट्टी रखना उचित है। और जो ठंडे देश हैं, उनमें सूरज की गर्मी लेने तथा आराम करने के लिए रविवार को छुट्टी रखना उचित रहता है। तो इसी तरह हर दिन का अलग-अलग महत्त्व होता है और लोग उसी तरह उसका फ़ायदा उठाते हैं।



**खाने पीने की चीजों एवं स्वस्थ शरीर, दोनों के लिए गर्मी की जरूरत होती है :-**

बहुत से लोग धूप में क्यों बैठते हैं? क्योंकि सूरज की गर्मी लेना भी जरूरी होता है। नहीं तो कहते हैं विटामिन डी की कमी हो गई, सूरज की रोशनी में बैठो। सूरज इन पांचों देवता में ज्यादा महत्व रखते हैं। सूरज का निकलना जब बंद हो जाता है, और धरती पर उनकी रोशनी नहीं पड़ी, तो असर आता है। जैसे आदमी को अगर धूप ना लगे तो उसका शरीर पीला होने लगता है, हड्डियां कमजोर हो जाती है, तो डॉक्टर कहते हैं सूरज की रोशनी लो; धूप में बैठो। पौधे भी देखो खराब हो जाते हैं, तब कहते हैं इनको धूप नहीं लगी, इसीलिए फल नहीं लगा या पौधा मुरझा गया, बरसात में सड़ गया। तो खाने पीने के इंतजाम से ले कर, जिस शरीर के लिए इंतजाम करते हैं दोनों के लिए गर्मी की जरूरत होती है। जमीन के अंदर जो बीज पड़ा रहता है, कोई डालता नहीं है लेकिन सूरज की गर्मी के असर से ही धरती के अंदर में जो ठंडी रहती है वो उनको ऊपर उठा देती है और जब ऊपर आ जाते हैं तो वही पौधे हो जाते हैं। फिर वही सूरज की किरणें उन पौधों को बड़ा कर देती है। पहाड़ों पर, जहां बरसात कम भी होती है, वहां भी ऊंचाई पर पेड़ लगे हुए रहते हैं, और हरे-भरे रहते हैं।

# जनकल्याण के लिए अधिकारी गंभीरता और पारदर्शिता से काम करें - पवार

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

**रायसेन।** खनिज अधिकारी को हिदायत, रेत का अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई करें नहीं तो स्वयं कार्रवाई के लिए तैयार रहें,जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित रायसेन। जिले के विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए अधिकारी पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें। समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचे। निर्माण और विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किए जाएं जिससे कि आमजन को उनका समय पर फायदा मिले। यह निर्देश जिले के प्रभारी मंत्री तथा मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल,एसपी पंकज पांडे, जिपं सीईओ अंजू पवन भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, सिलवानी विधायक देवेन्द्र पटेल सहित समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा और अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन निर्माण कार्यो के बारे में बताया गया। प्रभारी मंत्री ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समन्वय या फॉलोअप की कमी के कारण विकास या निर्माण कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन में गति धीमी नहीं होनी चाहिए। समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यो का लाभ पहुंचाकर जिले को को विकसित बनाना है। बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री, विधायकगणों तथा समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर प्रभारी मंत्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बैठक में जो भी विषय उठाए गए हैं उन पर गंभीरता से ध्यान दें। दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन कराएं।



बैठक में प्रभारी मंत्री पंवार ने कृषि, सहकारिता और विपणन संघ की समीक्षा करते हुए रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना, मसूर तथा सरसों के उपार्जन के लिए किए अभी तक हुए किसान पंजीयन और उपार्जन की तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराएं। साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूँ उपार्जन के लिए 117 पंजीयन केन्द्र निर्धारित हैं ।अभी तक 37172 किसान पंजीयन हुए हैं। अभी तक 136 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर तौल सही हो, तौलकांटे समय-समय पर चेक किए जाएं , लम्बी-लम्बी लाईने ना लगे! उपार्जन केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति ना बनें।, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने जिले में वर्तमान में खाद-उर्वरकों की मांग और उपलब्धता की भी जानकारी ली।

**नकली और अमानक कीटनाशक विक्रेताओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें....**

प्रभारी मंत्री पंवार ने कृषि अधिकारी को जिले में कीटनाशक दुकानों का सतत् निरीक्षण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं भी नकली या अमानक कीटनाशकों या उर्वरकों का विक्रय ना हो। नकली या अमानक कीटनाशकों का विक्रय करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार जिले में नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को रोकने किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। सहायक संचालक कृषि एनपी सुमन ने बताया कि जिले में नरवाई या पराली के उचित प्रबंधन के लिए प्रचार रथ के माध्यम से किसानों को समझाईश दी जा रही है। जिले में सुपरसीडर और हेपीसीडर से बुवाई को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि किसान भाईयों और समाजसेवियों से सम्पर्क कर गौशालाओं में भूसा उपलब्ध कराएं।

**अवैध रेत उत्खनन होने पर खनिज अधिकारी को फटकार.... :-**

बैठक में खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने जिले में रेत के अवैध उत्खनन की बात करते हुए कहा कि जिले में रेत खदानों से लगातार बड़ी मात्रा में अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इससे शासन को रॉयल्टी का भारी नुकसान हो रहा है। इसके बाद भी खनिज अमले द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जनता को रेत सही कीमत पर मिलना चाहिए। लेकिन रेत खदानों के समीप रहने वाले ग्रामीणों को ही ऊंची कीमत पर रेत लेना पड़ रहा है। प्रभारी मंत्री पंवार ने जिले में अवैध रेत उत्खनन होने पर खनिज अधिकारी सुमित गुप्ता को कड़ी फटकार लगाते हुए रेत के अवैध उत्खनन पर रोक लगाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज अधिकारी गुप्ता से कहा कि कल से ही कार्रवाई का प्रभाव दिखना चाहिए नहीं तो स्वयं कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश में मां सरस्वती का पूजन कर किया

दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ

**मंडलेश्वर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अखिलेश जोशी ने वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में किया इस अवसर पर अपने कहा कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने में सबके सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है जिससे शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके। हमारा प्रयास हैं कि हम अधिक से अधिक राजीनामे करवाने में सफल रहे जिसका लाभ पक्षकार



को त्वरित मिल सके। उक्त अवसर पर नेशनल लोक अदालत में विशेष न्यायाधीश मोहम्मद मूसा खान, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीमती मैरी मार्गेट फ्रांसिस डेविड, जिला न्यायाधीश मसूद एहमद खान, जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, जिला न्यायाधीश भगवानदास राठौर, दीपक चैधरी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर प्रीति जैन न्यायाधीश महेन्द्र सिंह शिवागंनी भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी शिरिष महाजन, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कार्तिक जोशी अधिवक्ता संघ सचिव, अजय कुमार वर्मा एवं अधिवक्ता कार्यकारिणी के सदस्य एवं अधिवक्तागण लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स रूपेश शर्मा, निशा कौशल, विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री राजेश माहोर बैंक ऑफ इंडिया के पुष्पेंद्र पाण्डे हरिओम बिरला ग्रामीण बैंक के संतोष मुकाती विशाल शर्मा यूनियन बैंक से गौरव देवांगन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से अर्जुन सोलंकी शिवम राठौड़ वन विभाग के डिप्टी रेंजर बसंत पाटिल एवं अन्य विभाग के अधिकारी, पैरालीगल वालेन्टियर्स/खण्डपीठ सदस्यगण दुर्गेश राजदीप, जोजू एम आर सारिका जैन नाजिर जाहिद खान संतोष बैंस एवं पक्षकारगण उपस्थित रहें।कुटुम्ब न्यायालय में भरण पोषण हेतु आपसी मनमुटाव और पारिवारिक विवाद के चलते अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी एक हुए। नेशनल लोक अदालत में कुटुंब न्यायालय से कई प्रकरणों में समझौता हुआ। रानी बी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता आकाश चंद राठौर और प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय श्रीमती मैरी मार्ग्रेट फ्रांसिस डेविड द्वारा उभयपक्ष को दी गई समझाइश के बाद दोनो ने साथ साथ रहना स्वीकार किया। दोनो ने कुटुंब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश श्रीमती मैरी मार्ग्रेट फ्रांसिस डेविड एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेष्वर प्रीति जैन की उपस्थिति में एक दूसरे को पौधा देकर पुनः दाम्पत्य जीवन शुरू करने की शुभकामनायें दी।

## चमत्कार देखने से मिलता है- कथा वाचक पंडित हरिनारायण पाठक जी महाराज

केसरिया हिंदुस्तान विदिशा, नीरज दुबे

**विदिशा।** गंज बासौदा से 30 किलोमीटर दूरी करें दूरी पर स्थित तहसील त्योंदा में मठ मंदिर पर चल रही भगवान श्री रामदेव जी की संगीतमय कथा के पांचवें दिन पंडित पाठक जी महाराज ने बताया बिना चमत्कार के कोई नमस्कार नहीं करता जावाजी ने अपने गांव में एक तालाब खुदवाया और प्रभु रामदेव जी को निमंत्रण देने पहुंचे रामदेव सुरतिया खाती को साथ लेकर तालाब पर पहुंचे जवाजी रामदेव जी को सरोवर दिखाने ले गए तालाब पर जाकर रामदेव जी ने कहा मुझे इस सरोवर का पानी खारा दिखाई दे रहा है जावाजी ने कहा पानी बहुत मीठा है जिसे सारा गांव पिता है जवाजी शिष्य से कहा तालाब से पानी भर कर आओ और दूसरे शिष्य कहा पानी पीकर देखो जब शिष्य ने पानी पीकर देखा तो कहा यह पानी तो बहुत खारा है और जावाजी को अपने घमंड पर पश्चाताप हुआ हुआ रामदेव जी ने अपने गांव रूणिचा में एक तालाब खुदवाया जिसका पानी अमृत के समान था तालाब को राम सरोवर के नाम से जाना जाता है अमरकोट के राजा दलपत



जी राज राज करते थे राजा दलपत जी माता हिंगलाज के बहुत बड़े भक्त थे राजा दलपत कन्या का जन्म हुआ उसे कन्या का नाम नैतलदे रखा नैतलदे जन्म से ही अंधी पांगली थी राजा दलपत जी ने एक दिन दरबार में विचार किया नैतलदे की शादी रामदेव जी से हो जाए सोने पर सुहागा हो जाए राजा अजमल रामदेव जी के बिबाह की तैयारी करने लगे माता मैणादे बिबाह समय आंखों से आंसू निकल रहे थे तब रामदेव जी ने माता से कहा आपके आंखों में आने का क्या कारण है तब माता ने कहा बेटा रामदेव मुझे सुगना बाई की याद आ रही है मैंने मेरी सुगणा को बाराह बरसो से नहीं देखा माता की आज्ञा पाकर रामदेव जी ने सुगणा बाई को लेने रतना राईका पुगलगण भेजा पुंगलगण के परिहारो ने रतना राईका को बंधी बना लिया तभी रतना राईका ने प्रभु रामदेव जी को याद किया रामदेव जी पुंगलगण पहुंचे और एक बगीचे में जाकर बैठ गए सूखा शाखा बगीचा हरा भरा हो गया और फिर रामदेव जी रतना राईका और सुगणा बाई को लेकर अपने घर आ गए बड़ी संख्या में दूर-दूर से अगर श्रादालु कथा का रसपान कर रहे हैं कथा के मुख्य यजुमान धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने गुरुदेव को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### क्या अब अमरपाटन प्रभारियों के दम पर चलेगा...?

**अमरपाटन।** मैहर जिला बनने के बाद जिले की सबसे बड़ी तहसील अमरपाटन अब अधिकारियों की कमी को झेल रहा है इसका खामियाजा सीधा जनता को झेलना पड़ रहा है यहां विभागों में जो अधिकारी है वो अन्य जगह के प्रभार में है तथा जहां पर अधिकारी नही है वहाँ पर अन्य प्रभारी अधिकारी से काम चलाया जा रहा है। आफिस प्रभार कार्यालय ट्रांसफर के कारण रिक्त है,तहसीलदार को अतिरिक्त प्रभार रामनगर,सब रजिस्ट्रार अतिरिक्त प्रभार पर, नगरपरिषद अमरपाटन को मैहर का प्रभार,एवम वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय आदि प्रभार पर चल रहे है जिसके कारण जनता को अधिकारियों से मिलना व अपना काम करवाना मुश्किल पड़ रहा है वही अतिरिक्त प्रभार के कारण अधिकारियों पर काम का दबाव बना रहता है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं ने किया पुलिस थाने का भ्रमण

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**घट्टिया।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर घट्टिया क्षेत्र की 20 छात्राओं ने पुलिस थाना घट्टिया का भ्रमण किया। छात्राओं ने थाने का भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली को समझा एवं महिला हेल्प डेस्क और सायबर हेल्प डेस्क की जरूरत को भी जाना। बुनियाद सोशल डेवलपमेंट सोसायटी न्यू इंदिरा नगर नागझिरी देवास रोड उज्जैन के तत्वाधान में घट्टिया क्षेत्र की 20 छात्राएँ को बुनियाद टीम के डायरेक्टर रईस खान,विनय मालवीय ,पूजा मालवीय द्वारा थाने का भ्रमण करवाया गया। थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया ने सभी




छात्राओं को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। थाना प्रभारी दसोरिया एवं एचसीएम मानसिंह आर्य ने बालिकाओं को थाने पर मालखाना,हवालात,कम्प्यूटर कक्ष एवं महिला हेल्प डेस्क,सायबर हेल्प डेस्क का भ्रमण करवाकर इन सभी के बारे में जानकारी देकर पुलिस कार्यप्रणाली बारे में बताया तथा पुलिस व जनता के बीच आपसी संबंधों को स्थापित करने हेतु पहल की गई तथा बाल मित्र बनाए गये। भ्रमण करने आई छात्रा प्रिया सिसोदिया ने भ्रमण के दौरान अनुभव साझा करते हुवे बताया कि आज पहली बार पुलिस थाने का भ्रमण किया है पुलिस की कार्यप्रणाली को समझा पहले पुलिस से डर लगता था परन्तु आज मिलकर बहुत अच्छा लगा पुलिस दिन रात जनता की सेवा करती है बहुत अच्छा अनुभव था महिला की हेल्प के लिए पुलिस ने हेल्प डेस्क भी बनाया है महिलाओं को सुरक्षा के लिए पुलिस ने अच्छा काम किया। इस अवसर पर छात्रा प्रिया सिसोदिया, दिव्यांशी पंवार, खुशी थावलिया, आरती परमार, ज्योति पंवार, खुशबू विश्वकर्मा, फ़िरदोष, मंतशाह,प्रिया मालवीय,पायल राव,अफरोश सहित कई छात्राएं मौजूद थी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सोनवारी में महिलाओं का हुआ सम्मान

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर में सोनवारी सरपंच कृष्णा उपाध्याय के द्वारा महिलाओं का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया है और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी उसके पश्चात ग्राम पंचायत में एक महिला सभा का आयोजन किया गया और महिलाओं को महिलाओं के सम्मान



महिला सुरक्षा , महिला के अधिकारों के विषय पर क्रमानुसार जानकारी दी गई महिलाओं को किस तरह से जागृत किया जाए उनको शिक्षित किया जाए और महिलाओं के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज किस तरह से उठाई जाए इन विषयों की जानकारी दी गई है इस कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला एक साथ एकत्रित हुई है इस कार्यक्रम सोनवारी सरपंच कृष्णा उपाध्याय, जितेंद्र गुप्ता DPM, दीपक सिंह बैस जनपद पंचायत मैहर, सुनीता सिंह पर्यवेक्षक, सचिव रमेश विश्वकर्मा , रोजगार सहायक संतोष साकेत सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## सनावद न्यायालय में नेशनल लोक अदालत सफल रही, कई प्रकरणों में हुआ समझौता राजीनामा



आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनवाद।** पूर्वी तिवारी के न्यायालय में सर्वाधिक 113 प्रकरण में राजीनामा हुआ जिसमें प्री लिटिगेशन 36 प्रकरण एवं संपूर्ण वसूली बैंक की 65 लाख 35 हजार 600 की वसूली हुई चेक बाउंस मामले मिलाकर हुई जिसमें 43 आपराधिक चेक बाउंस 21भरण पोषण 12 प्रकरणों का निपटारा हुआ लोक अदालत के शुभारंभ होते ही श्री मोहम्मद असलम दहलवी साहब न्यायाधीश महोदय के न्यायालय में 19 प्रकरणों में निराकरण हुआ जिसमें क्लेम बजावरी की वसूली 23 लाख 63000 की वसूली हुई वही श्री मान योगेश चालीसा साहब जी के न्यायालय में 29 प्रकरणों में राजीनामा हुआ जिसमें 3 आपराधिक चेक बाउंस 15 द्वद्धष्ह्न 7 बी सिविल सूट 1 राजीनामा हुआ वही संपूर्ण वसूली 16 लाख 49 हजार 821 रूपयों की हुई नगर पालिका, न्यायालय की अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री जेके यादव वकील साहब न्यायाधीश गण की समझाइश से आपसी विवाद समाप्त कर दो परिवार एक हुए लडाई झगडे के प्रकरणों में आपसी सहमति एवं न्यायालय समझाइश से सम्मानीय अधिवक्ताओं के अथक प्रयासों से समझाइश से भी प्रकरण में निपटारा हुआ न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविंद्र अम्बिया, संदीप बैसवार मिश्रीलाल कोहरे सतबीर खनूजा मीणा मंडलोई जीएस जोशी अधिवक्त सम्माननीय न्यायालय सनावद के अधिवक्ता गण सभी ने लोक अदालत सफल बनाया तत्पश्चात महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला अधिवक्ता एवं न्यायालय महिला कर्मचारीयों का सम्मान किया गया समस्त सम्माननीय अधिवक्ता गण द्वार एवं न्यायाधीश गण द्वारा!

# त्योहारों को लेकर (चौकी जैथारी )में हुई शांति समिति की बैठक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान राजेन्द्र सिंह यादव रायसेन

**रायसेन।** सिलवानी थाना अतंर्गत में पुलिस चौकी जैथारी में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में धार्मिक समारोह के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। होली उत्सव, रंगपंचमी, चैत्र नवरात्रारंभ, ईद उल फितर, राम नवमी आदि त्योहारों को हर्षोल्लास और शांति पूर्वक मनाने के लिए थाना



परिसर में बैठक हुई। बैठक में आगामी सभी पर्वो पर क्षेत्र में होने वाले विभिन्न धार्मिक समारोह के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नायब तहसील दार योगेश्वर चौकी प्रभारी अरविंद पांडे हेड कॉन्स्टेबल नरेन्द्र रघुवंशी मौजूद थे बैठक में अधिकारियों ने कहा कि सभी धर्मों और समुदायों के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बैठक में समिति के सदस्यों से चर्चा की और सभी पर्वों पर आयोजनों के दौरान सफाई, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध चर्चा कर निर्देश दिए गए । विवाद की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें इस मौके पर बड़ी संख्या में समिति सदस्य मौजूद रहें। मण्डल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर जिला सदस्य राकेस उईके राजेश राय पप्पू रघुवंशी लखन द्वारका राठोर इस्तियाक खा सीताराम रघुवंशी, महेश जूना,भगवत सिंह,शिवराज आदिवासी, धर्मदास आदिवासी, कैलाश आदिवासी,जुबेर खा ,साबिर खा,अकील,रिजवान, अन्य लोग एवं क्षेत्र से सभी सुरक्षा समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# खंगवाड़ा में भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में शनिवार को स्थापना दिवस मनाया

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** समीपस्थ ग्राम खंगवाड़ा में भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में शनिवार को स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर किसानों ने शासन से मांग करते हुए कहा कि किसानों को भी शासन की रोजगार गारंटी योजना (नरेगा) का लाभ मिलना चाहिए। इस संबंध में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक सचिन बिरला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नरेगा योजना से जोड़ने पर किसानों की आय बढ़ेगी। ग्राम के किसानों ने विधायक के समक्ष सनावद-मूंदी मार्ग पर ग्राम जूनापानी के समीप स्थित टोल नाके पर आसपास के ग्रामों के ट्रैक्टर,कृषि उपयोगी हार्वेस्टर,जेसीबी,भूसा मशीन जैसे



वाहनों को छूट देने की मांग रखी। किसानों ने बताया कि आसपास के ग्रामों के किसानों को कृषि कार्य हेतु एक दिन में अनेक बार टोल नाका पार करना पड़ता है और किसानों को बार-बार टोल राशि का भुगतान करना पड़ता है। इस कारण किसानों को आर्थिक हानि हो रही है। इसलिए क्षेत्र के ग्रामों के कृषि उपयोगी वाहनों को टोल वसूली से छूट मिलनी चाहिए। ग्रामवासियों ने विधायक से सनावद-मूंदी रोड पर मौजूद स्पीड ब्रेकर्स पर सफेद पट्टियां बनाने की भी मांग की। ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं से बचा जा सके।विधायक ने कहा कि किसानों की सभी मांगों के स्थायी समाधान हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री से चर्चा की जाएगी। इस दौरान भाकिस के अध्यक्ष लखनलाल भायड़िया, रेवाराम भायड़ीया, केवलराम चौधरी, राधेश्याम चाचरिया, देवेंद्रसिंह पंवार, झवरसिंह पंवार, आनंदराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# इस वर्ष रेलवे में करीब 1 लाख वैकेंसी पर भर्ती करेंगे : रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू

## बीकानेर में भारतीय रेलवे मजदूर संघ की ओर से आयोजित 21वां त्रैवार्षिक अधिवेशन शुरु

राजीव जोशी, केसरिया हिंदुस्तान





**बीकानेर।** केन्द्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को कहा कि अब तक हम रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी सुधार पर ज्यादा ध्यान दे रहे थे। अब वर्ष 2025 में रेलवे में कर्मचारी भर्ती पर फोकस रहेगा, करीब 1 लाख वैकेंसी पर कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट से ज्यादा सुविधा मिलेगी। दो-तीन साल बाद हर देशवासी रेलवे में हुए बदलाव की बात करता नजर आएगा।

बिट्टू भारतीय रेलवे मजदूर संघ की ओर से आयोजित 21वें त्रैवार्षिक अधिवेशन को गंगाशहर के आशीर्वाद भवन में संबोधित कर रहे थे। बिट्टू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर उसके आधुनिकीकरण तक आमूलचूल परिवर्तन किया है। प्रधानमंत्री मोदीजी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। एक-एक रेलवे स्टेशन पर 5-6 करोड़ लेकर 21-21 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ताकि हमारे देश में भी वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बने।

रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने यह भी कहा कि भारतीय रेलवे मजदूर संघ देशभक्तों का टोला है। दो दिवसीय सम्मेलन के बाद जो भी डॉक्यूमेंट यूनियन की तरफ से भेजा जाएगा। उस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए कर्मचारियों की पदोन्नति से लेकर अन्य सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

भारतीय रेलवे मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी.सुंदरम ने कहा कि यह अधिवेशन भारतीय रेलवे मजदूर संघ के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित होगा। भारतीय रेलवे मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन में जो भी निष्कर्ष निकलेगा। उसे रेल मंत्रालय भिजवा दिया जाएगा। कार्यक्रम को महामंत्री मंगेश एम.देशपांडे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन संतोष पटेल ने किया। कार्यक्रम में बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, पूर्व मेयर सुशीला कंवर राजपुरोहित, पूर्व मेयर नारायण चौपड़ा, यूआईटी के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका, टेक चंद बरड़िया, विनायक शर्मा, उद्यमी जुगल राठी, अजय कुमार त्रिपाठी, विनय कुमार झा, हनुमान प्रसाद, सुनील कुमार शादी सहित भारतीय रेलवे मजदूर संघ के देशभर से आए 570 सदस्यों समेत जिले के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**बीकानेर डीआरएम के कार्यों की प्रशंसा:** रेल राज्य मंत्री ने बीकानेर डीआरएम डॉ. आशीष कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे अच्छा कार्य कर रहे हैं। एनडब्ल्यूआर में बीकानेर डिवीजन सबसे बड़ा है। लिहाजा उनकी काबिलियत को देखते हुए ही इन्हें यहां लगाया गया है।

इससे पहले मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि बीकानेर से जल्द वंदे भारत ट्रेन चलेगी। साथ ही कोटगेट और सांखला फाटक समस्या के जल्द निस्तारण की बात कही। साथ ही कहा कि इससे किसी का नुकसान भी ना हो। इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

**आचार्य तुलसी के समाधि स्थल पर पहुंच कर मत्था टेका..:** इससे पूर्व रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने आचार्य तुलसी के समाधि स्थल पर पहुंच कर मत्था टेका। इस अवसर पर आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश बोथरा, मुख्य न्यासी और यूआईटी के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका, प्रतिष्ठान के पूर्व अध्यक्ष हंसराज डागा, महामंत्री दीपक आंचोलिया, हनुमान रांका समेत जैन समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने रेल राज्यमंत्री का स्वागत किया और तेरापंथ के अन्य आचार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

# सृष्टि में मातृ शक्ति ही संपूर्ण ऊर्जा का स्रोत : विनय डोंगरे

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय मजदूर संघ ने मातृ शक्तियों का किया सम्मान

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



केसरिया हिंदुस्तान

बैतूल। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को भारतीय मजदूर संघ के द्वारा जिला चिकित्सालय बैतूल में महिला शक्ति के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को तिलक लगाकर तथा भारतीय संस्कृति के अनुरूप मंत्र उच्चारण, पूजन के साथ श्रीफल और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख विनय डोंगरे ने बताया कि सृष्टि में मातृशक्ति ही संपूर्ण ऊर्जा का स्त्रोत है। हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा सदैव देवी स्वरूप मातृशक्ति के सम्मान के लिए संकल्प बढ़ रहा है। हमारा इतिहास अनेक वीरांगनाओं की गाथाओं से भरा है। वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा प्राप्त कर संस्कृति एवं समाज के सृजन में अपना योगदान दे रही है। भारतीय मजदूर संघ के संगठन आत्मक स्वरूप में भी महिला प्रकोष्ठ का सृजन कर हर स्तर पर 30 प्रतिशत पद मातृशक्ति के लिए संरक्षित है। भारतीय मजदूर संघ संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में कार्यरत समस्त मातृशक्ति के अधिकारों के संरक्षण के लिए कटिबद्ध है। शैलेन्द्र बिहारिया के द्वारा मातृ शक्ति के पराक्रम शौर्य और कोरोना जैसी महामारी में उनके साहस को याद किया गया। इसके अलावा भारतीय मजदूर संघ के मीडिया प्रभारी चाणक्य राखड़े ने संघ में विभिन्न पदों पर महिला शक्ति के दायित्व संभालने की बात कही।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री सहित पूर्व गृहमंत्री से की भेंट

## जिला उद्योग केंद्र की कार्य प्रणाली से कराया अवगत

केसरिया हिंदुस्तान



राजगढ़/पचोर राजगढ़ जिला उद्योग केंद्र ना तो शासन की योजनाओं से आमजन को अवगत करा रहा है और ना ही उनका लाभ देने के लिए कोई शिविर का आयोजन ही कर रहा है। पचोर के पेपर बोर्ड की भूमि पर उद्योग विभाग द्वारा जो प्लाट दिए हैं उनके सामने ना तो कोई सड़क बनाई है ना ही बिजली के पोल लगाकर कोई सुविधा दी है जिसके अभाव में कई बेरोजगार अपना उद्योग स्थापित नहीं कर पा रहे हैं। उक्त बात से हमने उद्योग विभाग के बड़े अफसर को भी पत्र भेज कर और प्रत्यक्ष मिलकर भी उन्हें अवगत करा दिया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है इसलिए हम आपके सामने हम उद्योग विभाग की कार्यशैली रख रहे हैं।

उक्त आशय की बात से पचोर नगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ नेता कमल सक्सेना एवं भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य मनीष मन्नू यादव ने पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा गौर से मिलकर उन्हें अवगत कराया साथ ही मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से भी भेंट कर उन्हें भी कई अहम जानकारियां देकर उनसे मुलाकात की।

# अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर जिन्नौद्धार समिति के साथ प्रशासन की बैठक संपन्न

### विधायक ने मंदिर विकास के लिए कई प्रस्ताव पर दी स्वीकृति

### कनक पर्वत एवं आलोट नगर में व्याप्त अतिक्रमण को तुरंत हटाने के दिए विधायक ने आदेश

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी





आलोट-नगर ओर क्षेत्र की आस्था का केंद्र श्री अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगती पर है। मंदिर परिसर स्थित कलेवर कुंड का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं मंदिर जीर्णोद्वार का कार्य चल रहा है। मंदिर के शिखर निर्माण को लेकर आज विधायक चिंतामणि मालवीय के अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय पर मंदिर समिति के सदस्यों नगर के गणमान्य नागरिकों की एक प्रत्यय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के शिखर निर्माण के लिए दान पत्र की राशि शासन से आमंत्रित करने को लेकर प्रस्ताव पास किया गया। दानपात्र की राशी लगभग 17 लाख 61 हजार के लगभग राशि खाते में जमा है जिसको निकालने के के लिए प्रस्ताव पास किया गया। इस राशि से शिखर निर्माण का कार्य किया जाएगा वहीं समय भी तालाब निर्माण के कार्य पर भी चर्चा की गई वहीं विधायक चिंतामणि मालवीय ने मंदिर परिसर के बाहर धर्मशाला एवं सुलभ शौचालय बनाने के बाद पर भी सहमति प्रदान की बैठक में कनक पर्वत पर हो रहे अतिक्रमण की जानकारी समिति के सदस्यों ने दि जिस पर विधायक मालवीय ने एचडीएफसी को आदेश दिया कि जल्द से जल्द वहां हो रहा अतिक्रमण हटाए एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं यहां के धरोहर को सुरक्षित रखें।इस पर एसडीएम में तुरंत पटवारी को वहां हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर जानकारी एकत्रित करने के आदेश दिए। बैठक में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालूसिंह परिहार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक जेन जीर्णोद्वार समिति के अध्यक्ष केदारमल काला अशोक शर्मा मनीष सेठिया भंवरलाल शर्मा सदस्य अनिल भरावा मनीष पांचाल प्रमोद मेहता नंदन रॉज जेन प्रेसक्लब के सदस्य एव अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक जैन बंटी ने अनादि कल्पेश्वर मंदिर स्थित कनक पर्वत पर हो रहा है अतिक्रमण के साथ-साथ आलोट में भी अतिक्रमण को लेकर विधायक मालवीय से कहा की नगर में हो रहे अतिक्रमणों के कारण आम जनता काफी परेशान है और बाजार में अक्सर जाम की स्थितियां निर्मित हो रही है। जिस पर तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है इस पर विधायक ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है तो अतिक्रमण को हटाना आवश्यक है एसडीएम साहब आप तुरंत इस पर कार्रवाई करें अगर कोई विरोध करता है तो उसे अंदर बंद कीजिए चाहे पक्का अतिक्रमण हो अस्थाई अतिक्रमण हो सबको हटाए इसमें अगर कोई अर्चना आती है तो मुझे बताएं

# बालाघाट पुलिस ने यातायात नियमो का उल्लघन करने वाले चालकों के विरूद्ध की कार्यवाही

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बालाघाट** बालाघाट मे कुल 370 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही कर 01 लाख 50 हजार रूपये का समन शुल्क जमा किया गया ।05 हूटर, 10 फ्लैश लाईट, 07 बिना अनुमति के वाहनों में विज्ञापन आकृति या लेखन का प्रदर्शित करना, 01 लाल, नीली, पीली बत्ती का उपयोग करना एवं 113 अमानक नंबर प्लेट का उपयोग करने वाले व 234 अन्य वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही की गई। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार विशेष अभियान के तहत प्रदेश में निजी वाहनो में हूटर, फ्लैश लाईट, व्हीआईपी स्टीकर एवं गलत नंबर प्लेट का दुरूपयोग करने वाले तथा यातायात के नियमो का उल्लघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध बालाघाट पुलिस व्दारा कार्यवाही की जा रही है ।पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री नगेन्द्र सिंह के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री विजय डावर के मार्गदर्शन में बालाघाट पुलिस व्दारा दिनांक 06.03.2025 एवं 07.03.2025 के मध्य वाहनो में हूटर, फ्लैश लाईट, व्हीआईपी स्टीकर एवं गलत नंबर प्लेट का दुरूपयोग करने वाले तथा यातायात के नियमो का उल्लघन करने वाले 370 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 01 लाख 50 हजार रूपये का समन शुल्क जमा कराया गया । कार्यवाहियों में 05 हूटर, 10 फ्लैश लाईट, 07 बिना अनुमति के वाहनों में विज्ञापन आकृति या लेखन का प्रदर्शित करना, 01 लाल, नीली, पीली बत्ती का उपयोग करना एवं 113 अमानक नंबर प्लेट का उपयोग करने वाले व 234 अन्य वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही की गई है ।

## ग्राम ऊंचागोहन में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

### खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, विजेताओं को किया पुरस्कृत

केसरिया हिंदुस्तान



**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम ऊंचागोहन में शनिवार को प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन बाएफ, किसान ई-पोषक एपीओ, ऊंचागोहन ग्राम विकास समिति और नाबार्ड के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के योगदान को मान्यता देना, उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और जैविक खेती के महत्व को किसानों तक पहुंचाना था। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली और उनके योगदान को समाज में पहचान मिली। इस अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राहुल कुशवाहा, उचगोहान ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती मनीषा उइके, बाएफ से श्रीमती कृष्णा साहू एवं यशवंत चरपे, किसान ई-पोषक एफपीओ के सीईओ सचिन सोनी, अकाउंटेंट जमदु उइके, कंपनी के निदेशक मंडल, ऊंचागोहन ग्राम विकास समिति के सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं और किसान उपस्थित रहे।



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ग्राम पंचायत सभागृह में मनाया

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ़/पचोर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायत पटाडियाधाकड़ में उपस्थित सरपंच सुगनबाई जगदीशसिंह राजपूत ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

## अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस-साड़ी वॉकथान आयोजित



बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

**राजगढ** - अंर्तराष्?ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग के तत?वावधान में महिलाओं की साड़ी वॉकथान आयोजित की गई। साड़ी वॉकथान स?थानीय मंगल भवन से प्रारंभ होकर नगर के विभि-?न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए राजमहल पर समाप?त हुई। इस दौरान कलेक?टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा पुलिस अधीक्षक आदित?य मिश्रा जिला महिला बाल विकास अधिकारी सु?नीता यादव विशेष रूप से मौजूद थे। वॉकथान के अंत में उपस्थित जनसमुदाय को महिलाओं के लिए एक संपन-?न, प्रगतिशील समाज के निर्माण में हर संभव सहयोग करने की शपथ भी दिलाई गई। वॉकथान में साड़ी परिधान में बड़ी संख?या में महिलाओं ने भाग लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बताए साइबर क्राइम से बचने के उपाय

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



**आलोट** आज अरिहंत कॉलोनी स्थित शिक्षा कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर पर जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था स्वास्तिक शिक्षा एवं समाज सेवा समिति एवं अर्पित जनकल्याण समिति आलोट ने संयुक्त रूप से मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया यह दिवस महिलाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण और समानता के लिए मनाया जाता है। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विकासखंड समन्वयक जअप के शैलेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा बताया गया ने क्षेत्र में महिलाओं के योगदान,उनकी उपलब्धियों और अधिकारों पर चर्चा की ,महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए कार्य करना है जो समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करता हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को जया शर्मा द्वारा साइबर सिक्योरिटी के बारे में जानकारी दी गई एवं ऑनलाइन ठगी से कैसे बचा जा सके इस हेतु

# खातेगांव का शूटर बताने वाले अर्बन लाला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ओमप्रकाश परमार,**





देवास। सोशल मीडिया पर व्यक्ति का वीडियो वायरल हो गया। जिसमें वह अपने आपको खातेगांव का शूटर बता रहा था। वीडियो के आधार पर खातेगांव पुलिस ने उक्त व्यक्तिको गिरफ्तार कर लिया है।

खातेगांव थाना प्रभारी विक्रांत झाँझोट ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो संज्ञान में आया जिसमें एक युवक अपना नाम अर्बन लाला बता रहा है।और कह रहा है कि मैं खातेगांव का शूटर हूं। उक्त वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कन्नौद एचएन बाथम एवं एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी के मार्गदर्शन में थाना खातेगांव की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अर्बन लाला उर्फ अफजल पिता राशिद खान 23 वर्ष निवासी ग्राम देवला तहसील खातेगांव जिला देवास के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करते हुए अफजल को गिरफ्तार किया एवं उसके विरुद्ध धारा 170, 126,135(3)बी एन एस एस के तहत वैधानिक कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट खातेगांव के समक्ष पेश किया गया।

# गौ संवर्धन की प्रेरणादाई सीख के साथ जगद्गुरु बोले, धनाढ्य घरों में दुखङ्क्षडिप्रेशन का कारण ही शास्त्रोक्त ज्ञान की कमी

**डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान**

**कृष्णगिरी।** परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज ने कहा कि इस धरा पर विचरण करने वाले समस्त जीवोंङ्क्षप्राणियों पर मनुष्य को सदैव दया भाव रखना चाहिए, लेकिन घरों में पालने के लिए सिर्फ गौ माता ही हो। सनातन धर्म की सुंदर सुदृढ़ता एवं सनातन धर्म की प्रासंगिकता की सुदृढ़ता का विस्तृत बखान करते हुए उन्होंने कहा हमारे शास्त्रों में कहीं भी ऐसा कोई उल्लेख, विधि नहीं है कि पशु पक्षियों को पाला जाए। कलयुग की विडंबना बताते हुए तथा गौ संवर्धन की प्रेरणादाई सीख देते हुए जगद्गुरुजी ने यह भी कहा कि आज धनाढ्य घरों में किसी भी प्रकार से दुख, टेंशन, बीमारी, डिप्रेशन व परस्पर झगड़ों का कारण ही गैर तरीके से पशुओं को पालना है अर्थात शास्त्रों के ज्ञान की कमी का होना है। सनातन एवं साधु परंपरा में विश्व के सर्वोच्च पद जगद्गुरु पदारोहण के पट्टाभिषेक कार्यक्रम के तहत शनिवार को यहां श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम में पांच दिवसीय आयोजन के चतुर्थ दिन अपने प्रेरक प्रवचन में उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में वास्तविक सुख हो तो शांति की आवश्यकता अवश्य होनी चाहिए, लेकिन जहां शांति नहीं वहां धन भी बेकार ही कहलाएगा। प्रसंगवश अपने बेबाक अंदाज में उन्होंने कहा कि अनायास के प्रयास दुख दरिद्रता



लाते हैं। वे बोले कि विधि मति को मार देती है जबकि मति विधि को सुधार देती है। श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम में सच्चे सकारात्मक भाव से आए श्रद्धालु व्यक्ति को ज्ञान, भक्ति, शक्ति, वैभव, वैराग्य एवं मुक्ति का सदा सर्वदा सुखद मार्ग प्रशस्त हुआ मिलता है। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में भक्त जनों को गुरु दीक्षा मंत्र देते हुए कहा कि जीवन की सुरक्षा गुरु की भक्ति एवं शक्ति के बगैर कतई संभव नहीं है। तीर्थ धाम के डॉ संकेश छाजेड़ ने बताया कि सुबह के सत्र में पाताल लोक की नागरानी, राज राजेश्वरी जगत जननी देवी मां पद्मावतीजी की दुर्लभ प्रतिमा का केसर युक्त दुग्ध से आगंतुक सभी श्रद्धालु भक्तों द्वारा अभिषेक किया गया। साथ ही भक्तों के नियमित मंत्र जाप के बाद शाम के सत्र में पूज्य गुरुदेवश्रीजी के पावन सानिध्य में हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। महाआरती के साथ संपन्न हुए कार्यक्रम में देश और दुनिया के विभिन्न शहर, प्रांतों से आए श्रद्धालु भक्त प्रतिदिन बड़ी संख्या में आयोजन में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल थॉट योगा पर लाइव प्रसारित किया जा रहा है।

जगद्गुरु पदारोहण पट्टाभिषेक महामहोत्सव आज..

विगत दिनों प्रयागराज में पंचदशनाम जूना अखाड़ा द्वारा संत परंपरा में विश्व के सर्वोच्च पद जगद्गुरु पद पर सुशोभित हुए श्री कृष्णगिरी पीठाधीश्वर श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज के पट्टाभिषेक महामहोत्सव एवं पूज्यपादश्रीजी का 56वां अवतरण दिवस रविवार, 9 मार्च को दोपहर 3 बजे से मनाया जाएगा।

देश और दुनिया भर से अनेक विशिष्ट संतवृंद, गणमान्य लोग तथा श्रद्धालु भक्त नियमित रुप से शनिवार रात्रि तक कृष्णगिरी तीर्थधाम पहुंच रहे थे। इसी क्रम में शक्तिपीठ तीर्थ धाम में पूज्य गुरुदेवश्रीजी की निश्रा में काशी के विद्वान पंडितों के माध्यम से चल रहे 16 दिवसीय हवन महायज्ञ की भी पूर्णाहुति व विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे।

# कैफे का शुभारंभ

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में हुआ दीदी कैफे का शुभारंभ

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**दमोह** – अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में नया सवेरा संकुल स्तरीय संगठन द्वारा संचालित दीदी कैफ का पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत कुमार मलैया द्वारा शुभारंभ किया गया।इस मौके पर विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा आज अंतर्राष्टीय महिला दिवस है। मध्य प्रदेश शासन की पहल पर अलग-अलग जगहों पर जो महिलाओं के समूह बने हुए हैं, इसी तरीके से दमोह जनपद के समूह ने दीदी कैफे यहां पर प्रारंभ किया है। इसके उद्घाटन करने का स्व-अवसर मिला, चाय पीने का और सभी बहनों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने सभी बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रवीण फूलपगारे, एसडीएम श्री आर एल बागरी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव, डीपीएम नितेन्द्र अहिरवार, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, मिथलेश सिंह, सतीश शर्मा, कैफ संचालक नया सवेरा संकुल स्तरीय संगठन से श्रीमती श्याम विश्वकर्मा, श्रीमती ममता लोधी, श्रीमती लक्ष्मी लोधी, श्रीमती रचना , श्रीमती रेणुका, श्रीमती विभा तिवारी, श्रीमती सीमा लोधी,श्रीमती रानी चौबे मनीष तिवारी, अजित मोदी, विवेक अग्रवाल, शेरा जैन आदि उपस्थित थे।

# श्योपुर में कांग्रेस ने दिया गांधी पार्क पर धरना,जिले की समस्याएं और मंत्री पटेल के इस्तीफे की मांग राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को शहर के गांधी पार्क पर एक दिवसीय धरना दिया। जिलाध्यक्ष अतुल चौहान के नेतृत्व में आयोजित धरने में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने के बाद कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अर्जुन भदौरिया को सौंपा। जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि धरना जिले की कई समस्याओं के समाधान के लिए दिया गया। उन्होंने जनता को भिखारी कहने वाले मंत्री प्रहलाद पटेल से इस्तीफे की मांग की। ज्ञापन में कई गंभीर मुद्दे उठाए गए।




जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई गई। पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता का मुद्दा भी उठाया गया। शहर से गुजरने वाले हाईवे के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए। सीसी रोड और पेवर ब्लॉक के काम में कथित अनियमितताओं का जिक्र किया गया। प्रशासन की निष्क्रियता के कारण जिले में फैल रहे नशे के कारोबार पर भी चिंता व्यक्त की गई। नशे के कारोबारियों की पहले दी गई सूची पर कार्रवाई न होने का मुद्दा उठाया गया। किसानों की समस्याओं का भी जिक्र किया गया

# एसएसपी महाविद्यालय में सायबर सुरक्षा पर व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**दीपक बंशपाल**

बालाघाट जिले के शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रवीण पन्द्रे के मार्गदर्शन एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल बिसेन की अध्यक्षता में गुरुवार को साइबर सुरक्षा पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रक्षा निकोसे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपनिरिक्षक पुलिस थाना वारासिवनी श्री धर्मराज सिंह बघेल उपस्थित रहें। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सतर्कता ही साइबर अपराध से बचने का एकमात्र उपाय है। कोई भी किसी भी प्रकार के साइबर अपराध में फंस जाते है, तो तुरन्त नजदीकी पुलिस थाना में जाकर शिकायत दर्ज कराये। मोबाइल में आने वाली किसी भी प्रकार की अज्ञात लिंक



को ना खोले साथ ही अनजाने कॉल एवं वीडियों कॉल को रिसिव न करे। अगर कोई पुलिस का अधिकारी, जज, सीबीआई का अधिकारी के नाम से कॉल करता है तो उससे डरे नहीं इसकी जानकारी अपने परिवार वालों को देकर नजदीकी पुलिस थाने में जाकर इसकी सूचना दे। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पर्यावरण सुरक्षा पर भी चर्चा की गई। साइबर सुरक्षा विषय पर वीडियों का प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। इस अवसर पर श्री शोभेन्द्र डहरवाल प्रधान आरक्षक साइबर सेल बालाघाट, श्रीमती चांदनी शांडिल्य महिला आरक्षक साइबर सेल बालाघाट, श्रीमती मेघा तिवारी महिला आरक्षक साइबर सेल बालाघाट मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक श्री नरेन्द्र कुमार डोंगरे द्वारा किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक ने महिलाओं को सम्मानित कर उपहार भेंट किये

**ओमप्रकाश परमार,**



देवास। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम बावड़ीखेड़ा ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशीष शर्मा थे। कार्यक्रम में करीब 125 ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही। विधायक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज अंतरराष्टीय महिला दिवस है और आज के दिन महिलाओं को समर्पित है। समाज के उत्थान में आपका सहयोग महत्वपूर्ण है। समाज की कुरीतियों एवं बेड़ियों को तोड़कर आपने अच्छा मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम के पश्चात महिलाओं का सम्मान कर उपहार भेंट किये। इस सौरण बावड़ीखेड़ा सरपंच श्रीमती पूनम-शैलेंद्र जैन, सेक्टर प्रभारी घनश्याम पटेल, मंडल अध्यक्ष सुनील कर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संतोष काकड़िया, मचवास सरपंच संतोष साहू, सुलगांव सरपंच बनवारी धुर्वे, शैलेंद्र जैन, कन्हैया पटेल एवं ग्रामीण महिलाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता की उपस्थित रही।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायत नजीराबाद में किया गया महिलाओं का सम्मान

**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854**

बैरसिया-- शनिवार को अंतर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष में बैरसिया जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली नजीराबाद ग्राम पंचायत भवन में महिला दिवस बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। इस दौरान ग्राम की महिलाएं , स्व सहायता समूह की सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता , आशा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रही। वही कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सरजू बाई नर्मदा प्रसाद अहिरवार द्वारा उपस्थित समस्त महिलाओं का पुष्पहार पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत



किया गया। वही इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती आरती अग्रवाल रूड सेट संस्थान के द्वारा महिलाओं को केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें उन्होंने बताया कि सरकार चाहती है कि हर घर की महिला अपने आप में सक्षम हो और अपने खुद के रोजगार कर सके इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं महिला दिवस के उपलक्ष में महिला दिवस को देखते हुए विगत 8 दिनों से ग्राम पंचायत भवन नजीराबाद प्रांगण में स्व सहायता महिला समूह की महिलाओं को ज्वेलरी निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है वही उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रहे आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सरजू बाई नर्मदा प्रसाद अहिरवार, सचिव जयराम मीणा, सहायक सचिव कमल सिंह अहिरवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता श्रीवास, सुमन टेलर ,आशा कार्यकर्ता श्रीमती रीना शर्मा, शारदा श्रीवास सहित ग्राम की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# सीहोर में नट-बोल्ट की फैक्ट्री में लगी आग,मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियां आग पर पाया काबू

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर**

**सीहोर** । इंदौर-भोपाल रोड पर स्थित दीपक फास्टनर नट-बोल्ट फैक्ट्री में अचानक अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग तेजी से फैली और दूर-दूर तक काले धुएं का गुबार दिखाई देने लगा। फैक्ट्री के दोनों ओर 10 से 12 किलोमीटर दूर तक घने काले धुएं के बादल छा गए।आग के दौरान ऑइल के ड्रमों में विस्फोट होने से ब्लास्ट की तेज आवाजें सुनाई दीं वही पास में सीएनजी टैंक भी था वहाँ तक आग नहीं पोहिंची उसके पहले ही आग पे काबू पा लिया गया फैक्ट्री के चारों ओर खेतों में पकी हुई फसलें खड़ी हैं, जिससे आग के और फैलने का खतरा बना हुआ था। इसी बीच, खोखरी के पास स्थित अंब्रेको फैक्ट्री में भी शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई।आग ने विकराल रूप ले लिया था लेकिन फ़ायरबिग्रेड से आग



पर काबू पाया गया कर्मचारियों ने बचाई जान आग तेजी से फैल गई और इसकी लपटें विकराल रूप लेने लगीं। आग की लपटों और काले धुएं को देखकर कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए बाहर भागे। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और आग पर काबू पाया गया इंदौर-भोपाल रोड पर खोखरी गांव में है फैक्ट्री।

# महिला दिवस पर हुआ मिस टीन इंडिया का सम्मान

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




सतना7अंतरराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को कन्या धवारी स्कूल के पास स्थित जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय में कलेक्टर श्री सतीश कुमार एस ने पुलिस भर्ती सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु बालिकाओं के लिए संचालित नि:शुल्क कोचिंग क्लास की नई बैच का शुभारंभ किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर चयनित कोचिंग की छात्रा वंदना कुशवाहा और और दिल्ली में ही मिस-टीम चुनी गई मीनाक्षी सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री सौरभ सिंह, सहायक

# निषाद राज भवन में जिला स्तरीय महिला सम्मान समारोह आयोजित

**नौशाद अहमद कुरेशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

अंतराष्टीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर निषादराज भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर, बाल संरक्षण कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना भूषण, श्रीमती उमा शर्मा सहित डीपीओ महिला बाल विकास श्री ओपी पाण्डेय, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल आदि अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रही है। घर परिवार के साथ ही बडे ओहदे भी संभाल रही है। शासन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सतत् रूप से कार्य कर रहा है। राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र के साथ ही शासन एवं प्रशासन में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होने कहा कि बेटा और बेटी में कोई भेदभाव नही होना चाहिए, अब यह वह दौर नही, जब बेटी को बोझ समझा जाता था, बल्कि अब बेटियां आगे बढ रही है और अपने आप को साबित कर रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं को अंतराष्टीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी महिलाएं सशक्त हुई और और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण ने कहा कि आज श्योपुर के लिए गौरव का विषय है जब जिले की दो शख्सियत को भोपाल में सम्मान मिल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी आज किन्नर कोमल गुरू को उनके सामाजिक क्षेत्र में किये गये कार्यो के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित कर रहे





है, वही समूह से जुडी आदिवासी सहरिया परिवार की महिला श्रीमती सुनीता आदिवासी अपने आर्थिक निर्भरता के अनुभव राज्य स्तरीय मंच पर शेयर कर रही है। उन्होने कहा कि शासन की अनेक योजनाएं महिला सशक्तिकरण के लिए चल रही है, जिनमें लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना प्रमुख है। इसके साथ ही शासन ने आधी आबादी को आरक्षण प्रदान कर राजनैतिक, प्रशासनिक आदि क्षेत्रो में अवसर प्रदान किये है।

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में तरक्की कर रही है, उन्होने कहा कि एक-दूसरे से प्रेरणा लेकर सभी आगे बढे और स्वच्छ समाज की स्थापना में अपनी भूमिका निभायें। उन्होने आव्हान किया कि सभी महिलाएं अपने बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में पीछे न रहें, शिक्षा ही ऐसी कुंजी है, जो हर समस्या का हल करती है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं घर, परिवार, समाज के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र में भी भूमिका का निर्वहन कर रही है। मातृ शक्ति को प्रणाम करते हुए उन्होने कहा कि धरती से लेकर आकाश और अंतरिक्ष तक महिलाओं ने अपने कार्यो से उदाहरण प्रस्तुत किये है।

इसके साथ ही महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना भूषण, एपीआरओ सुश्री अवंतिका श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी श्रीमती राजेश शर्मा ने भी अपने उदगार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनआरएलएम अंतर्गत समूह के माध्यम से विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं, कृषि क्षेत्र से जुडी महिलाओं, ड्रोन उडाने वाली महिला, लखपति दीदी एवं महिला बाल विकास की सुपरवाईजर, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# बदल दी जगह, दबा दिया अनीश का नाम, बटुरा के गोदाम से जप्त हुआ था डेक्कन फैक्ट्री से चोरी का सामान...!!

## तो क्या सस्ती लोकप्रियता तक सिमटी पुलिस की कार्यवाही, झूटी बटोरी जा रही वाहवाही...

### जिला बदर से लौटने के बाद पुनः दर्ज हुआ था माफिया अनीश पर विद्युत तार चोरी का प्रकरण, दो महीने था फरार

मीडिया हब शहडोल

इंट्रो। प्रदेश सरकार नए उद्योग धंधे खोलने की बात कर रही है और दूसरी ओर शहडोल में पहले से खुले उद्योग धंधे सुरक्षित नहीं है नामचीन जिला बदर रह चुके माफियाओं का आतंक जारी है, जिसकी जानकारी नगर के बच्चे बच्चे को है लेकिन प्रशासन के कान में जू नहीं देख रही है तो दूसरी ओर माफिया तमाम बड़े अधिकारियों को जेब में रखने का दंभ भर रहे हैं सवाल यह उठता है की बढ़ती चोरियों के बाद भी पुलिस की चुप्पी क्यों नहीं टूट रही और आदतन अपराधी जिला बदर रह चुके कारोबारी पर दोबारा मुकदमा होने के बाद भी जिला बदर की कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है, ऐसे में यदि व्यापारी इन्वेस्टमेंट और उद्योग धंधे डालने से दूरी बनाएंगे तो उसकी जिम्मेदारी क्या शहडोल पुलिस लेगी।

**शहडोल।** सोशल मीडिया में ग्रुप बनाए गए हैं प्रदेश भर में उसका अनुसरण किया जा रहा है गांव-गांव की खबर पुलिस अधिकारियों तक पहुंच रही है फिर भी माफिया बेलगाम है उन्हें किसी का भय नहीं, बीते कुछ माह में चोरी की वारदातों में तगड़ा इजाफा हुआ है सर्राफा व्यापारी पर हमला,अवैध कोयला खदान के दौरान दंपति की मौत,चेन स्नेचिंग, लूट जैसे वारदातों के बीच एक और फेरबदल हुआ जी हां नाम चीन कबाड़ माफिया बड्डु जैन की कुर्सी जिला बदर से लौटे माफिया अनीश को सौंप दी गई, और बटुरा में बना संभाग का सबसे बड़ा कबाड़ गोदाम जो कहने को तो कबाड़ गोदाम है लेकिन बताया जाता है कि कोल माइंस से लेकर छोटे बड़े उद्योग,क्रेशर और ठेकेदारों से लेकर आम आदमी तक के यहां से चोरी हुए लोहे कथित गोदाम में खपाए जा रहे हैं बटुरा के कथित गोदाम की चर्चा अब इसलिए निकली क्योंकि डेक्कन फैक्ट्री में कथित डकैती जिसे चोरी भी बताया जाता है के तार बटुरा के उस गोदाम से जुड़े और सोहागपुर पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा हो गया।

### चोरी या लूट कितने सुरक्षित व्यापारी

जान का भय दिखा कर किसी की धन संपदा संपति पर अपना अधिकार अथवा लूट करना डकैती की श्रेणी में आता है ऐसा ही कुछ हुआ फरवरी की आखिरी सप्ताह में जब डेक्कन फैक्ट्री में गार्ड को जान का भय दिखाकर हथियारबंद लोगों ने बंद पड़ी फैक्ट्री से भारी तादाद में लोहे की चोरी की जी हां हम बात सोने चांदी के नहीं कर रहे हैं बल्कि बात कर रहे हैं कई टन लगभग ढाई सौ लोहे के रोलर की, पुलिस ने पूरे मामले को चोरी बताया और जांच पड़ताल शुरू हुई हुआ सूत्र बताते है की गुर्गों पर कार्यवाही की गाज गिरी और उनके सरताज पूर्णतया सुरक्षित हो गए कुछ के नाम दबाए गए कहानी बदली गई जब्ती के ठिकाने बदले गए और ढाई सौ लोहे के बड़े-बड़े रोलर चोरी मामले में 50 रोलर जप्त कर कम उम्र के लड़कों को गिरफ्तार कर लिया गया संभवतः बड़े माफिया के साथ ये कम उमर के लड़के कबाड़ की आड़ में चोरी का कारोबार सीखने इन माफियाओं के पास पहुंचे थे तो वही नामचीन आरोपी अभी भी फरार हैं तो सूत्रों के अनुसार बड़े कारोबारी जिसने 189 रोलर बटुरा के गोदाम से काटकर गला कर जबलपुर में खपा दिए ऐसे जिला बदर से लौटे माफिया को इस पूरी पिक्चर से बाहर रखा जा रहा है।





### बंद कराई गई माफिया बडडे जैन की दुकान जिलाबदर से लौटे माफिया को सौंप दी गई शहडोल जिले की कमान

### क्या हुआ था डेक्कन फैक्ट्री में...

पुलिस की जांच रिपोर्ट और हमारी टीम की तफ्तीस दोनों की कहानी कुछ अलग ही है हमारी तफ्तीश में सूत्र बताते हैं कि गोरतरा स्थित बंद पड़ी डेक्कन फैक्ट्री में बेस कीमती लोहे के रोलर लगभग 600 की संख्या में रखे हुए थे हालांकि पुलिस का आंकड़ा ढाई सौ का है जिस हथियार बंद 17 लोगों ने सूनी रात में डेक्कन फैक्ट्री के गोदाम में घुसकर वहां तैनात गार्ड को जान का भय दिखाकर बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया और दो पिकअप लगाकर सारा माल लेकर कथित कबाड़ चोर अपने सरगना सादिक की निगरानी में लेकर बटुरा स्थित जिला बदर से लौटे कबाड़ माफिया अनीश के गोदाम में पहुंचे और फिर लगभग दो दर्जन मजदूर लगाकर इन रोलर को काटकर गला कर और कुछ को समूचा मिनी ट्रक में भरकर जबलपुर रवाना कर दिया गया.. इस बीच शिकायत थाना प्रभारी सुहागपुर तक पहुंच चुकी थी सोहागपुर थाना प्रभारी ने सभी कबाड़ कारोबारी को हिदायत दी की कोई भी चोरी का माल ना खरीदे तब तक लगभग 150 रोलर गोदाम में रखे हुए थे जिन्हें भेजने की तैयारी थी आनंद-फानन में लगभग 96 रोलर और लोड कर कर भेजे गए इसी बीच गिरफ्तार हुए नए लड़कों ने गोदाम का नाम लिया और मुख्य आरोपियों में नामचीन सिंडिकेट मेंबर के नाम भी आए पुलिस की एक टीम ने दबिश दी और टीम को बटुरा स्थित गोदाम एवं आसपास से 50 रोलर जप्त किए गए ओर फिर शुरू हुआ टीम के पास फोन घनघनाने का सिलसिला जारी हुआ और फिर लोकेशन बदलने और 5 लाख में मैनेजमेंट की चर्चा आम हुई हालांकि हम इन चर्चाओं की पुष्टि नहीं करते।

### क्या कहती है शहडोल पुलिस

पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट में बताया गया कि थाना सोहागपुर द्वारा किया गया बडी चोरी का खुलासा किया गया चोरी किए गये 200 रोलर में 50 रोलर एवं पिकअप वाहन कीमती 6,50,000/- के मसरूका को जप्त किया गया एवं 5 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। फरियादी प्रकाश सेन पिता बी.एन. सेन उम्र 42 साल निवासी बस स्टैण्ड के पास विवेक नगर थाना कोतवाली जिला शहडोल (म.प्र.) मो. नं. 9993407388 का थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि, मै डेक्कन क्रोमेट्सलिमिटेड, टूनिट -2 शहडोल मे प्लांट मैनेजर के पद पर कार्यरत हूँ ग्राम गोरतरा आण्डहाई टोला में यूनिट -2 की फैक्ट्री है जो वर्तमान मे बंद है, जिसे पुनः चालू करने के लिये मशीनरी के पार्टस् रोलर 400 नग, नट बोल्ट, पैनल्स, केबिल, 18 नग राड़ आदि काफी सामान रखा था रखा था जो उक्त समान की सुरक्षा के लिये गार्ड लगा था जो दिनांक 20.02.2025 के सुबह 07.00 बजे फैक्ट्ररी का गार्ड मेरे पास फोन लगाया कि, फैक्ट्ररी मे रखा उरोक्त समान मे से 250 नग रोलर व 18 नग राड़ दिनांक 19.02.2025 के दरमयानी रात कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। फिर मै फैक्ट्ररी मे जाकर देखा तो उक्त सामान नही था। मै उक्त चोरी गया समान व आरोपियो का पता तलाश करता रहा जिनका पता नही चला इस क्रम में थाना सोहागपुर में लंबित चोरी के प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अब्दुल रहमान अंसारी उर्फ छोटा भइया, दीपक राम बैगा उर्फ सिन्धू, मो. सादिक खान उर्फ पूना, विकास कोल एवं तुलसीदास बैगा लोहे के रोलर पिकअप में लोड कर ग्राम दूधी के जंगल में डोंगरी में छिपा कर रखे है जिन्हे दस्तयाब कर पाँचो आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेजा गया है।थाना में पूछताछ कर कथन लेख किया गया। मौके पर पाचों आरोपियों से चोरी के मसरूका को जप्त किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है,जप्त मसरूका का विवरण इस प्रकार था की 50 नग लोहे के रोलरकन्वेयर बेल्ट में उपयोग होने वाले तथा पिकएप वाहन क्र. डच् 54 ळ। 0312 कीमत 6,50,000/- एवं अब्दुल रहमान अंसारी उर्फ छोटा भइया, दीपक राम बैगा उर्फ सिन्धू मो. सादिक खान उर्फ पूना, विकास कोल, तुलसीदास बैगा गिरफ्तार हुए एवं सादिक अंसारी पिता अब्दुल कदीर अंसारी,उमर अंसारी पिताअब्दुल कदीर अंसारी, ओमप्रकाश कोल,मोहम्मद अहमद निवासी पुरानी बस्ती शहडोल फरार बताए गए।

### बदल गई गद्दी, अनीश के सर रखा गया ताज

शहडोल जिले में कबाड़ कारोबार का ताज जो लंबे अरसे से बर्डे जैन कबड्डी के सर रखा हुआ था उसे हाल ही में बदलकर अनीश के सर की शोभा बनाने की चर्चा निकलकर सामने आई है, बताया जाता है कि बटुरा का गोदाम अब जिला बदर से लौटे कबाड़ माफिया अनीस अंसारी सम्भाल रहा है, गौरतलब है कि दर्जनों मुकदमे होने की वजह से शांति व्यवस्था एवं चोरियों पर लगाम करने अनीश को शहडोल कलेक्टर द्वारा जिला बदर किया गया था जिलाबदर से लौटने के बाद बुढार के बहुचर्चित मामले जिसमें 11 केवी चालू विद्युत तार लाइन चोरी मामले में अनीश को फिर आरोपी बनाया गया था जिसमें लगभग दो माह तक अनीश फरार रहा और अंततः बुढार पुलिस को अनीश को गिरफ्तार करने में सफलता मिली ऐसे में सवाल यह उठता है कि नामचीन पंजीबद्ध माफिया को कैसे पुनः कथित लूट की खुली छूट मिल गई, दूसरी और चर्चा यह भी है कि गली कूचों और चौराहों पर कथित कबाड़ माफिया यह दंभ भर रहा है कि जिले से संभाग तक के तमाम अधिकारियों को चांदी की चुनर पहना कर अपना मुरीद बना लिया है इसीलिए मेरे हिसाब से शहडोल जिले का कथित चोरी के कबाड़ का कारोबार बदस्तूर जारी है।

#### इनका कहना है

गार्ड को कमरे में बंद कर लगभग 250 लोहे के रोलर जप्त हुए, नए व्यवसाय के साथ ऐसा न हो इस लिए हमने मामले को गंभीरता से लिया, सभी कबाड़ कारोबारियों को हिदायत दी गई थी कि कोई बेचने आए तो पुलिस को सूचित करें, 50 रोलर जपती के दौरान मैं वहां नहीं था, बटुरा के गोदाम का नाम आने पर मै गया था तो रोलर नहीं मिले आप जिन रोलर की फोटो भेजें हैं उसको फैक्ट्री के रोलर से मैच कराता हूं की वह ही हैं की नहीं अभी कार्यवाही जारी है किसी का भी नाम आए बक्शा नहीं जायेगा।

**भूपेंद्रमणि पांडेय**
**थाना प्रभारी, सोहागपुर**

# किसानों को नई-नई तकनीकों से कराए अवगत, अधिकारी करें भ्रमण : कमिश्नर

### कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का किसानों को दिलाए लाभ - कमिश्नर

### कमिश्नर ने कृषि विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग के कार्यों की संभाग स्तरीय बैठक में की समीक्षा




**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शनिवार को कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में कृषि विभाग एवं पशु विभाग के द्वारा किए गए कार्यों की संभाग स्तरीय बैठक में समीक्षा की। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसलों के उत्पादन के लिए नई-नई तकनीकों के बारे में मैदानी अधिकारी किसानों से संपर्क कर अवगत कराए तथा वरिष्ठ अधिकारी भी भ्रमण करे। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अमानक खाद, बीज विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कर लाइसेंस भी निरस्त करे। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग में मृदा परीक्षण हेतु युवा उद्यमियों को आवंटित प्रयोगशालाओं को संचालित कराए तथा प्रयोगशालाओं को संचालित न करने संबंधितों को नोटिस देकर किसी अन्य को आवंटित करें। कमिश्नर ने कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की आपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा वेतन रोकने की चेतावनी भी दी तथा कहा कि आगामी दिनों में कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल कटाई, चना, मसूर के बीज की उपलब्धता, सिंचाई यंत्र, ई कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से अनुदान वितरण, नरवाई प्रबंधन सहित अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने पशुपालन विभाग के पशुओं के टीकाकरण की स्थिति, चलित पशु चिकित्सा वाहन, शहडोल संभाग में संचालित गौशालाओं, दुधारू पशु योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग के सिंचाई जलाशय, किसान क्रेडिट कार्ड के लक्ष्य एवं उपलब्धियां, मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में संयुक्त संचालक जी. एस. पेंड्राम, उप संचालक कृषि आर. पी. झारिया, उप संचालक पशु डॉ. आर.के पाठक सहित शहडोल संभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# महिलाएं आगे बढ़कर अपने सपनों एवं लक्ष्यों को करें पूरा : विधायक जयसिंह नगर

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ मानस भवन में कार्यक्रम



**शहडोल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को महिला बाल विकास विभाग शहडोल द्वारा शहडोल नगर के मानस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा की आज का दिन महिलाओं के लिए विशिष्ट दिन है। अंतर्राष्टीय महिला दिवस महिलाओं को सम्मान देन, आगे बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने, एवं उत्थान को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हमेशा आगे बढ़कर अपने सपनों एवं लक्ष्यो को पूरा करना चाहिए। हमारी सरकार महिलाओं के हित के लिए अनेकों योजनाएं चला रही हैं जिनका लाभ लेकर महिलाएं निरंतर आगे बढ़ रही हैं। अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव संबोधित कर रहे थे। जिस प्रोग्राम को मानस भवन शहडोल में वर्चुअली रूप से देखा गया। आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा कराटे एवं लाठी प्रदर्शन एवं नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा बाल विवाह रोकने नुक्कड़ नाटक भी किया गया। कार्यक्रम में जिले में शिक्षा विभाग, आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सफाई कर्मी, सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य विभाग के पदों पर पदस्थ महिलाओं के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें विधायक जैसीनगर श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा साल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा मानस भवन के प्रांगण में पौधा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे कर रहे थे। कार्यक्रम में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, कलेक्टर डॉ केदार सिंह, समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष मेघा पवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी तथा काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आशा कार्यकर्ता हुईं सम्मानित

**शहडोल।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल ब्यौहारी के सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया गया। जिसमें राजकुमारी सिंह देवरी, सीता रजक खड़हुली, रेखा बैस पपडेरी, माया अखेतपुर, अनिता सिंह के नाम शामिल है तथा निशा साहू पति राम कृष्णा राठौर ब्यौहारी वार्ड क्रमांक 12 को महिला नसबंदी के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमित प्रकाश चौधरी, डॉक्टर अमरदीप पटेल सहित अन्य चिकित्सक व महिलाएं उपस्थिति रही।




स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-126726 वादों का निस्तारण सफलता पूर्वक किया गया

**सीतापुर** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश ''कुलदीप सक्सेना'' की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ''नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के समापन के उपरान्त यह जानकारी दी गयी कि राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर मा. जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राम नगीना यादव व मोटर दुर्घटना दावा न्याधिकरण , शकील उर रहमान खाँ तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगणों की उपस्थित में मा0 जनपद न्यायाधीश, कुलदीप सक्सेना द्वारा रिबेन काट कर चिकित्सीय शिविर का शुभारम्भ किया गया। उक्त चिकित्सीय शिविर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर व उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन मेदांता हॉस्पिटल के अनुभवी डाक्टर्स, डा0 स्वप्रिल पाठक (कार्डियो), डा0 श्रीजन कपूर (हड्डी रोग), डा0 अनिल कुमार (गैस्ट्रो), डा. हिमॉशु (जरनल फिजीशियन) एवं उनकी टीम के नेतृत्व में हृदय रोग, हड्डी रोग, गैस्टो, फेफड़े संबंधी रोगों के सम्बन्ध में जॉच एवं परामर्श निशुल्क प्रदान किया गया।

उक्त आयोजन के साथ ही जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हांकित वृद्धा अवस्था पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये व जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के लाभार्थियों को ट्राई साइकिल वितरित किये गये तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा विधवा पेंशन योजना के पात्र महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। साथ ही जिला कारागार सीतापुर में बन्दियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रर्दशिनी भी लोक अदालत के दौरान लगाई गयी जिसका निरीक्षण मा. जनपद न्यायाधीश , द्वारा किया गया।



मा. अपर जिला जज, कोर्ट संख्या-01, ज्ञान प्रकाश तृतीय द्वारा कुल-01 वाद, अपर जिला जज स्पेशल एस.सी.एस.टी.एक्ट, मो0 शफीक द्वारा कुल-03 वादों का, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-02 महेन्द्र सिंह चतुर्थ द्वारा कुल-02 वादों, अपर जिला जज, अपर जिला जज/स्पेशल ई.सी.एक्ट, विजय कुमार आजाद द्वारा कुल-250 वादों, अपर जिला जज, स्पेशल पॉक्सो कोर्ट संख्या-14, भगीरथ वर्मा द्वारा-03 वादों, अपर जिला जज/एफ.टी.सी./ओ.ए.डब्ल्यू., अवनीश कुमार प्रथम द्वारा कुल-04 वादों का, अपर जिला जज/एफ.टी.सी. न्यू,, दिनेश कुमार नागर द्वारा कुल-01 वाद का निस्तारण किया गया। इस प्रकार समस्त अपर जिला जज द्वारा कुल-264 वादों का निस्तारण किया गया।

परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश '' राम नगीना यादव'' द्वारा कुल-44 लम्बित वादों का समझौता सफलता पूर्वक किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट संख्या-01, ''श्रीमती निशा झा'' द्वारा-64 लम्बित वादों का सफल निस्तारण किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट संख्या-02, '' सुबोध भारती'' द्वारा-68 लम्बित वादों का सफल निस्तारण किया गया।मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण सीतापुर के सम्मानित अध्यक्ष, शकील उर रहमान खॉ, द्वारा सुलह समझौते आधार पर कुल-71 मामलों का निस्तारण कर मु0-3,40,70,000/-का एवार्ड किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व समस्त अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व बाह्नय न्यायालयों द्वारा कुल-12116 वादों का निस्तारण किया गया। जिला उपभोक्ता फोरम सीतापुर के अध्यक्ष, अभिमन्यु लाल श्रीवास्तव द्वारा कुल-07 वादों का निस्तारण कर समझौता राशि मु0-19,52,976.00 रूपये का एवार्ड किया गया।

जनपद के समस्त राजस्व न्यायालय द्वारा कुल-49799 मुकदमें निस्तारित किये गये तथा जनपद सीतापुर के अन्य समस्त विभागों द्वारा कुल-64190 मुकदमों का निस्तारण किया गया।विभिन्न बैंकों/फाइनेन्स कम्पनियों द्वारा प्री-लिटिगेशन बैंक रिकवरी के कुल-1817 मामलों को निस्तारित कर-18,06,84,636/-रूपये का (18 करोड़ 06 लाख, 84 हजार 636 रूपये मात्र) समझौता राशि वसूली गयी।उक्त लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर।

इस प्रकार मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-126726 वादों का निस्तारण सफलता पूर्वक किया गया एवं इस दौरान कुल 23,63,06,769/-रूपये (तेइस करोड़ तिरसठ लाख छः हजार सात सौ उनहत्तर रूपये मात्र) के मामलों का निस्तारण किया गया।

# पत्रकार की गोली मारकर हत्या

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। जनपद के महोली कोतवाली थाना क्षेत्र में पत्रकार की गोलीमार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। वहीं उपजा संगठन ने पत्रकार की हत्या पर रोष व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त कोतवाली थानान्तर्गत मोहल्ल आजाद नगर निवासी पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई जो कि एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के महोली संवाददाता थे विगत दिवस वह महोली से सीतापुर की तरफ जा रहे थे तभी रास्ते में हेमपुर ओवरब्रिज थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के पास उनको गोली मार दी गई। गम्भीर अवस्था में उन्हे सरकारी अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पत्रकारों में रोष व्याप्त है और पत्रकार ने तत्काल घटना का खुलासा कर कातिलों को जेल भेजने की मांग की है।

**पत्रकारों के साथ हो रही घटनाएं निन्दनीय-सुनील राजवंशी:** पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की घटना के बाद राजनैतिक दलों ने अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग की है। उक्त क्रम में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का चैथा स्तंभ है उनके साथ हो रही घटनाएं निन्दीय निन्दनीय है। घटना का जल्द से जल्द अनावरण किया जाये व दोषियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाये और मृत आश्रितों को उचित मुआवजा दिया जाये।

**बाक्स- एनसीपी ने जताया गहरा दुख :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासिचव प्रवीण कुमार सिंह ने राघेवन्द्र बाजपेई के कत्ल पर शोक जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा लगातार पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिये जारी किये जाते रहते है इसके बाद भी पत्रकार असुरक्षित है। राघेवन्द्र बाजपेई की हत्या पर गहरा दुख जताते हुए श्री सिंह ने कहा कि दोषियों को तत्काल जेल भेजा जाये और पत्रकारों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाये।

# वसुंधरा राजे सिंधिया के जन्म दिवस पर नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा

(**झुंझुनूं**) पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया का जन्मदिवस कच्ची बस्तियों में जाकर खाद्य सामग्री व साड़ी वितरण की गई । वसुंधरा राजे समर्थन मंच के कार्यक्रम संयोजक व प्रदेश प्रमुख उपाध्यक्ष महेश बसावतिया ने बताया की अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण का कच्ची बस्तियों में जाकर संदेश भी दिया गया । इसके साथ ही कच्ची बस्ती की पढ़ने वाली बालिकाओं को पठन सामग्री वितरित की गई । बसावतिया ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संदेश के साथ वसुंधरा राजे सिंधिया का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर विनोद कटेवा, उमाशंकर महमिया, सुरेंद्र शर्मा, महेश पुरोहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

# बीबीकेडीए वी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर वालिया को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
कुलदीप कुमार



अमृतसर पंजाब बी बी के डी ए वी कॉलेज फॉर विमेन, अमृतसर की प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर वालिया को लीगल एक्शन एड, अमृतसर द्वारा आयोजित एक पुरस्कार समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह समारोह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए आयोजित किया गया था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, श्री जगदीश्वर कुमार चोपड़ा, न्यायाधीश, उपभोक्ता न्यायालय, अमृतसर मुख्य अतिथि एवं सुश्री मनदीप कौर जोहल, सदस्य न्यायाधीश, जिला उपभोक्ता न्यायालय, अमृतसर और सुश्री राजविंदर कौर, तहसीलदार, अमृतसर- 2 विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर वालिया ने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली साधन है, और महिला होने के नाते, यह हमारा दायित्व है कि हम भावी पीढ़ी का उत्थान करें और उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान युवा मस्तिष्कों को पोषित करने और महिलाओं के लिए जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर पैदा करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

अपने संबोधन में श्री जगदीश्वर कुमार चोपड़ा ने कहा कि महिलाओं ने समाज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आज हम उनके अटूट समर्पण और लचीलेपन का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर वालिया का उत्कृष्ट कार्य सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो जीवन को बदलने में ज्ञान और नेतृत्व की शक्ति का प्रदर्शन करता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कारागार बंदियों ने लगाई प्रदर्शनी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/
नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया उक्त अवसर पर कारागार के बंदियों द्वारा निर्मित सामानों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में कारागार के बंदियों द्वारा निर्मित हथकरघा की सूती साड़ियां, तौलिए, अंगोछा,रुई से बनाई गई बत्तियां, सब्जियों के रंग एवं फूलों से तैयार कराए गए हर्बल गुलाल, भगवानजी की पोशाक एवं मुकुट आदि प्रदर्शनी में लगाई गई। प्रदर्शनी में रखी गई सामग्री को जनता द्वारा खूब पसंद किया गया। उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन संजय कुमार सिंह प्रशानिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद, जिला जज व अन्य न्यायिक अधिकारियो द्वारा किया गया। उनके द्वारा बंदियों के द्वारा तैयार की गई उक्त सामग्री को बहुत पसंद करते हुए खरीदा भी गया तथा कारागार प्रशासन के उक्त कार्य की सराहना की। उनके द्वारा उक्त कार्यों कोऔर व्यापक स्तर पर कराए जाने का निर्देश दिया गया।

# कक्षाओं की परीक्षा तिथि टकरा रहीं, अभाविप ने टाइम टेबल सुधारने की उठाई आवाज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ सुरेंद्र बघेल



**रायगढ़** । छात्रहित में सक्रिय अखिल भारतीय छात्र संगठन ने फिर एक मुद्दे को उठाया है। इस मर्तबे अभाविप ने एक नहीं, बल्कि तीन कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा की तिथि टकराने और उसे अलग-अलग समय में करने की मांग कुलपति से की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विगत 75 वर्षों से छात्र हित राष्ट्र हित में कार्य कर रही है। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा 2024ङ्क25 की मुख्य परीक्षा 20 मार्च से आयोजित होनी है जो मुख्य परीक्षा की समय सारणी में क्र्रस्ट मैथ्स, बायो, बीकॉम , क्र की प्रमुख परीक्षा में कम गैप एवं ष्टश्वञ्ज कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा भी उसी समय पर आयोजित होनी है। इसमें कोई परीक्षा एक ही तिथि पर कर दी गई है जिससे छात्र-छात्राओं को अधिक समस्या हो रही है। इसे देखते हुए आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रायगढ़ ने शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए पुरजोर मांग की है कि मुख्य परीक्षा की समय सारणी को परिवर्तित कर दूसरे तिथि में परीक्षा आयोजित किया जाए।

# बीबीकेडीएवी कॉलेज फॉर विमेन ने दिव्यांग छात्रों के लिए उच्च शिक्षा में सुगम्यता पर यूजीसी विशे सुगम्यता षज्ञ समिति के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
कुलदीप कुमार



अमृतसर पंजाब बी बी के डी ए वी महिला कॉलेज ने उच्च शिक्षण संस्थानों (एच ई आई) की सुगम्यता ऑडिट के भाग के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) विशेषज्ञ समिति के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में नीतिगत सुधारों, अवसंरचनात्मक सुधारों और डिजिटल उन्नति के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों (पी डब्ल्यू डी) के लिए समावेशिता और सुगमता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिष्ठित पैनल में यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ. जी.एस. चौहान, माता सुंदरी कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लोकेश कुमार गुप्ता और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर के हिंदी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. सुनील शामिल थे। सत्र के दौरान समिति ने सामुदायिक जुड़ाव, परीक्षा और शैक्षणिक सहायता, डिजिटल सुगम्यता, संस्थागत नीतियों और अवसंरचनात्मक संवर्द्धन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की। दिव्यांग छात्रों के लिए परामर्श कार्यक्रम, परीक्षा सहायता, आईसीटी अवसंरचना विकास और रोजगार के अवसरों पर विशेष जोर दिया गया। सत्र में दिव्यांग छात्रों के लिए समावेशी शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कॉर्पोरेट प्रायोजन किया।

# बरसाना में लट्ठमार होली में जमकर बरसी प्रेमपगी लाठियां



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
/नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। नंदगांव के कृष्ण रुपी हुरियारों पर बरसाना की राधा रूपी सखियों ने प्रेम भरी लाठियां जमकर बरसाई। इस दौरान ब्रज की हुरियारों का संगीत और हंसी ठिठोली के साथ अबीर गुलाल के अद्भुत रंग ने होली को द्वापर युग की याद दिला दी। वृषभानु दुलारी राधा रानी की जन्मस्थली बरसाना की रंगीली गली में शनिवार को विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली का आयोजन किया गया। हुरियारिनों ने नंदगांव के कृष्ण रुपी हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसाई। इस अद्भुत होली के दृश्य का आनंद ले रहे देश-विदेश के हजारों पर्यटक तरह-तरह के रंग बरसाते रहे।

बरसाना में आज विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली का आयोजन किया गया। होली खेलने के लिए नंदगांव के हुरियारे दोपहर प्रिया कुंड पर पहुंचे। यहां पर बरसाना के लोगों ने उनका स्वागत किया। स्वागत में हुरियारों को भांग की ठंडाई पिलाई गई। भांग की मस्ती में झूमते हुरियारे ने अपनी पाग बांध कर खुद को लठामार होली के लिए तैयार किया। बरसाना पहुंचते ही हुरियारे सीधे लाडली जी (राधारानी मंदिर) के मंदिर में पहुंचे। बरसाना और नंदगांव के गोस्वामियों ने होली के आयोजन के दौरान खूब फाग गाए। गायन के दौरान दोनों पक्ष एक-दूसरे पर प्यार भरे कटाक्ष करते नजर आए। इस दौरान समाज गायन के बाद हुरियारे रंगीली गली में उतरे। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि राधा रानी के धरा पर श्रद्वालु होली का प्रेम पूर्वक आंनद ले रहे है। इस अवसर पर दुनिया के हर कोने से आए श्रद्धालु कृष्ण और राधा के प्रेम की अप्रतिम होली को देखकर झूम उठे। वही, लट्ठमार होली के दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई, जिसको देखकर सभी श्रद्धालु काफी प्रसन्न हुए।

# विधानसभा में सरकार के नीति, नियत और मंशा पर जमकर गरजे विधायक उमेश पटेल

## खरसिया में रेलवे ओव्हरब्रिज, कुरूभांठा-सूपा मार्ग निर्माण सहित अन्य जनहित मुद्दों को सदन में उठाया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान /
सुरेन्द्र बघेल

रायपुर/रायगढ़ ~ खरसिया विधायक उमेश पटेल विधानसभा के बजट सत्र में लोक निर्माण विभाग के अनुदान मांगों का विरोध करते हुए सरकार के नीति, नियत और मंशा पर जमकर गरजे। विधायक पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले बजट में ज्ञान पर काम किया और इस बजट में गति पर काम करने की बात कही है। सरकार के लोक निर्माण विभाग की गति पर कहा कि वर्ष 2024-25 में जो बजट आबंटन हुआ है वह लगभग 8 हजार 200 करोड़ से अधिक के आसपास था। दिसंबर 2024 तक 3 हजार 450 करोड़ से अधिक व्यय हुआ है जो कि व्यय का लगभग 41 प्रतिशत है। इससे सरकार की गति को समझा जा सकता है कि किस गति से कार्य हो रहे हैं। इसी प्रकार पी.एच.ई. विभाग में जो बजट प्रावधान था उसका 34 प्रतिशत ही व्यय हुआ है। इसी प्रकार नगरीय निकाय में भी बजट व्यय बहुत ही धीमी गति है। इस प्रकार सरकारी तंत्र की गतिविधियां या गति बहुत ही सुस्त है और सरकार का कहना है कि 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ का



विजन पर कार्य कर रहे हैं तो कहां से होगा। व्यय सुस्त गति से होने का अर्थ है विकास कार्य एकदम धीरे हो रहे हैं। विकास कार्य का धीरे होना मतलब सरकार की विफलता का प्रतीक है। विधायक पटेल ने सरकार की गति को आईना दिखाते हुए खरसिया में स्वीकृत रेलवे ओव्हरब्रिज के शासकीय प्रतिवेदन को बताया जिसमें वर्तमान स्थिति निविदा स्तर पर बताया गया है। रायगढ़ जिले के मुंबई हावड़ा रेलमार्ग में 620/13-15 में लेबल क्रासिंग 313 खरसिया यार्ड के पास रेलवे ओव्हरब्रिज के निर्माण में लागत 64.95 करोड़ है और कार्य की वर्तमान स्थिति अभी निविदा स्तर पर है। उन्होने लोक निर्माण मंत्री से कहा कि जब हम इसे छोड़कर गए थे तब इसकी निविदा पूर्ण हो चुकी थी अभी पिछले डेढ़ साल से इस पर कुछ भी काम नही हुआ है और आप बता रहे हैं कि अभी भी यह निविदा स्तर पर है क्या यही आपकी गति है। पहले अगर निविदा हो चुका है, टेण्डर हो चुका है। ठेकेदार वहां आकर निरीक्षण कर चुका है यह डेढ़ साल पहले का है तब भी वह काम शुरू क्यों नही हो रहा है। रूकने के क्या कारण हैं ? विभाग को केवल ठेकेदार साथ कांट्रेक्ट करना है। डेढ़ साल पहले ठेका हो चुका बस काम शुरू करना है।

# अमृत उद्यान के भ्रमण से भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत के बारे में विद्यार्थियों की समझ हुई समृद्ध : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

## - उपायुक्त ने बस में बच्चों से उनकी शिक्षा व परीक्षाओं की तैयारी के बारे में बातचीत कर उन्हें मोटिवेट किया

**नूंह** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बहुत ही अलग अंदाज में छात्राओं के साथ आज 8 मार्च को महिला दिवस मनाया। उपायुक्त शनिवार को जिला के राजकीय स्कूलों की छात्राओं के साथ बस में सवार होकर राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान का भ्रमण करने पहुंचे। रास्ते में उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी शिक्षा व परीक्षाओं के संबंध में बातचीत कर उन्हें मोटिवेट किया तथा उन्हें राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट आदि ऐतिहासिक भवनों के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने भी उपायुक्त व शिक्षकों के साथ बस में सवार होकर अपनी भ्रमण यात्रा को खूब इंजॉय किया।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जानकारी दी कि जिला प्रशासन की ओर से एमडीए के सहयोग से राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को निरंतर राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान का भ्रमण करवाया जा रहा है। बीते दिन करीब एक दर्जन से अधिक स्कूलों के 660 विद्यार्थियों ने तथा आज शनिवार को 16 स्कूलों के 540 विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान, इंडिया गेट, एयरफोर्स के संग्रहालय व चिड़ियाघर दिल्ली का भी भ्रमण किया।



उपायुक्त ने बताया कि जिला नूंह के स्कूली विद्यार्थियों के लिए यह भ्रमण पहला अवसर था, जब वे राजधानी दिल्ली का भ्रमण करने के साथ अमृत उद्यान और राष्ट्रपति भवन की सुंदरता का अनुभव कर रहे थे। इसे देखते हुए यह दौरा इनके लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा है। दिल्ली की भव्यता के साक्षी अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन और संग्रहालय के ऐतिहासिक महत्व ने छात्रों पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिससे भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत के बारे में उनकी समझ समृद्ध हुई।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों को अमृत उद्यान के भ्रमण का उद्देश्य उन्हें समृद्ध अनुभव प्रदान करना है, जो पारंपरिक कक्षा शिक्षण की सीमाओं से आगे बढ़कर एक सर्वांगीण विकास के मार्ग को प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने कहा कि यह छात्रों के लिए एक उल्लेखनीय यात्रा साबित हुई और उन्होंने आजीवन याद रहने वाली स्मरणीय पलों को सहेजा। अमृत उद्यान के भ्रमण जैसे कार्यक्रमों से एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना छात्रों में उत्पन्न होती है और इससे छात्रों को एक-दूसरे के निकट आकर बातचीत करने के साथ-साथ अपने अनुभवों को साझा करने का अवसर मिलता है।

## जनपद में महिला हितैशी ग्राम पंचायत में ब्लाक बरखेड़ा के मुडिया हुलास का हुआ चयन

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत**



**पीलीभीत**-बरखेड़ा। शनिवार को 8 मार्च को अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम मुड़िया हुलास के पंचायत भवन पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश शासन ने 75 जनपदों में से जिले के एक गांव को महिला हितैशी मे चयन होना था। वही बरखेड़ा खण्ड विकास के ग्राम पंचायत मुडिया हुलास का चयन हुआ उसमें जनपद पीलीभीत के ब्लाक बरखेड़ा की मुड़िया हुलास का महिला हितैशी ग्राम पंचायत में चयन हुआ है। तथा मुड़िया हुलास गांव की ग्राम प्रधान सीमा राज पाठक को चुना गया। गांव की महिलाओं ने ग्राम प्रधान सीमा पाठक को बधाई दी।कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर वीरपाल ने महिला सुरक्षा,महिला सशक्तिकरण,लिंग भेद,स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भरता आदि विषयों पर चर्चा करके महिलाओं को जागरूक किया।

## कालीपुर में सीता प्रजापति दूसरी बार बने उपसरपंच

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सूरज जायसवाल**



महंगई जनपद पंचायत प्रेम नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कालीपुर में शनिवार को हुए उप सरपंच चुनाव में सीता प्रजापति दूसरी बार बने उपसरपंच ।। उन्होंने सभी पंचों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिससे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।। ग्राम पंचायत कालीपुर सरपंच पति सुखलाल सिंह अपने उद्बोधन में कहा कि पंचायत के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा।। उन्होंने विश्वास जताया कि सीता प्रजापति की नेतृत्व में एवं सहयोग में लगातार पहले के अपेक्षा जनहित में प्रभावी कार्य होंगे।। इस बीच आसपास के गणमान्य नागरिकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने सीता प्रजापति को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

## लगातार चौथे बार बने उपसरपंच मुकेश राय

**केसरिया हिन्दुस्तान से दीनदयाल साहू**



**दुधावा** - नरहरपुर ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत धनोरा में उप सरपंच चुनाव सम्पन्न हुआ।बता दें कि ग्राम पंचायत धनोरा के लिए उपसरपंच का चुनाव सम्पन्न कराए गए। इस दौरान पंचों ने वोट डाल कर ग्राम पंचायत धनोरा के लिए मुकेश राय को उपसरपंच बनाये। मुकेश राय लागतार चौथे बार ग्राम पंचायत धनोरा के उपसरपंच चुनें गये है, उपसरपंच पद के लिए दो नामांकन दाखिल किया गया जिसमें उप सरपंच पद की दावेदारी के लिए मुकेश राय एवं राकेश भास्कर के व्दारा नामांकन जमा किया गया। जिसमें मुकेश राय विजय हुए। ग्राम पंचायत धनोरा में 14 पंच , सरपंच ने मिलकर वोट दिए गए जिसमें मुकेश राय को 10 वोट वहीं राकेश भास्कर को 5 वोट मिले। मुकेश राय को उपसरपंच बनाये जाने पर लोगों ने अबीर गुलाल फूलों की हार पहना कर स्वागत किया गया।

## महिला सशक्तिकरण का अनूठा सम्मान- खरसिया पुलिस ने पत्रकार पूजा जायसवाल को किया सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान / सुरेन्द्र बघेल**



**रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खरसिया पुलिस ने महिला सशक्तिकरण और स्वतंत्र पत्रकारिता के प्रतीक, खरसिया की सम्मानित पत्रकार एवं समाजसेविका पूजा जायसवाल को उनके निवास पर पहुंचकर आत्मीय मुलाकात की। पुलिस अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया और उनके साहसिक कार्यों की सराहना की।


पूजा जायसवाल, अपनी सरल एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जानी जाती हैं। जनता की आवाज बनने के साथ-साथ, उन्होंने प्रशासनिक गलियारों में भी अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस सम्मान के दौरान खरसिया पुलिस ने उन्हें यह भरोसा दिलाया कि वे हमेशा उनके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे

# बरखेड़ा पुलिस का कारनामा पहले तो लूट की घटना को डगर गई, जब एसपी ने लिया संज्ञान तो एसओजी ने लूटेरो को दबोचा

## जब पहले पकड लिए लूटेरे तो फिर क्यो अज्ञात मे दर्ज की रिपोर्ट - सवाल

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत**- बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गांव अमखिडिया निवासी अजय प्रताप सिंह पुत्र लोक राज सिंह ने थाना पुलिस को 27 जनवरी की देर शाम को थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था। की पीड़ित अपने खेत की रखवाली करने के लिए शाम को गया था। जब खेत से वापस आ रहा था। तभी हाइवे की पुलिया के पास तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाश बाइक से आये और मारपीट करके पीड़ित का टच मोबाइल छीन ले गए और वही पीड़ित ने 27 जनवरी की शाम को ही थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की थी। लेकिन थाना पुलिस ने लूट के मामले की रिपोर्ट ही दर्ज नही की थी। और मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया था। जब इस मामले का संज्ञान पीलीभीत एसपी अविनाश पाण्डेय ने लिया। और एसओजी टीम को खुलासा करने मे लगा दिया वही एसओजी टीम ने शुक्रवार को धडपकड की और कस्बे के अरविंद पुत्र नरायनलाल व राजकुमार पुत्र संतोष जोशी को हिरासत मे लिया वही जब एसओजी टीम ने दोनो युवको से पूछताछ की तब उन्होंने अपना एक और साथी दीपाशु उर्फ अन्नू बताया जब एसओजी टीम ने उस युवक के घर छापा मारा वह युवक फरार था। वही एसओजी टीम ने शुक्रवार को दिन मे ही दोनो युवको पकडर थाना पुलिस के हवाला कर दिया। उसके बावजूद भी थाना पुलिस ने देर शाम को तीन अज्ञात लोगो के खिलाफ 7 मार्च को मुकदमा दर्ज करके और 8 मार्च 2025 को मनगणनत कहानी बनाकर बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव भोपतपुर मंदिर से लखनऊ कला जाने बाले रास्ते पर दोनो आरोपिओ की गिरफ्तार बताया है। वही थाना पुलिस ने एक अदद 312 बोर का तमंचा व एक जिन्दा कारतूस व एक मोटरसाइकिल व लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद दिखाया है। जबकि थाना पुलिस लूट की घटना दस दिन से दबाये बैठी थी। थाना पुलिस ने लूट के मामले की रिपोर्ट दर्ज करना भी मुनासिब नही समझा जब पीलीभीत एसपी ने मामले का संज्ञान लिया उसके बाद एसओजी टीम ने लूटेरो सर्विलांस के जरिए लूटेरो को धर दबोच लिया।




# रायगढ़ पुलिस कंट्रोल रूम में महिला दिवस पर सम्मान समारोह, एसपी ने महिला पुलिसकर्मियों की निष्ठा को सराहा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान / सुरेन्द्र बघेल**

8 मार्च, 2025 रायगढ़। अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रायगढ़ पुलिस कंट्रोल रूम में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान को सराहा। अपने संबोधन में एसपी पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं और हर चुनौती का डटकर सामना करने में सक्षम हैं। उन्होंने बीते चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि कई महिला पुलिसकर्मी और शिक्षिकाएं गर्भवती अवस्था में भी अपनी ड्यूटी पर तैनात रहीं। जब उनसे बातचीत की गई तो उन्होंने ड्यूटी को प्राथमिकता देने की बात कही, जो उनकी निष्ठा और साहस को दर्शाता है, ऐसे कई उदाहरण पुलिस पुलिस में महिला पुलिसकर्मियों के हैं ।



उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें महिला पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिला पुलिसकर्मियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पुष्प गुच्छ और पौधा देकर सम्मानित किया गया।

# महिला दिवस पर हुआ रक्तदान और सम्मान

## कर्मक्रांति सेवा फाउंडेशन द्वारा वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन

**आशीष तिवारी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

उन्नाव। अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर कर्मक्रान्ति सेवा फाउंडेशन द्वारा वृहद रक्तदान शिविर और रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में किया गया। नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता मिश्रा, नगर पंचायत रसूलाबाद अध्यक्षा गज़ाला नईमुद्दीन, सी एम एस डॉ आर ए मिर्ज़ा रिज़्वी, सदर विधायक प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता ने इस अवसर पर अपने संबोधन में रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए इसके द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने के बारे में बताया। फाउंडेशन के अध्यक्ष चेतन मिश्रा ने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा के कार्यक्रमों की व्यापक जानकारी देते हुए उपस्थित मातृशक्तियों को महिला दिवस की बधाइयाँ दीं। मंचासीन अतिथियों सहित रेड क्रॉस सभापति आशादीन तिवारी, उप सभापति डॉ मनीष सिंह सेंगर, सचिव संदीप पाण्डेय, राज्य प्रतिनिधि हरिहर दीक्षित, अधिवक्ता अजेन्द्र अवस्थी, समाजसेवी अजय शुक्ला, विजय त्रिपाठी, नगर पंचायत प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, डॉ मोहम्मद मूसा, स्वच्छता प्रहरी शैलेंद्र पाण्डेय, प्रचीन्द्र मिश्रा, पुष्पेंद्र मिश्रा, जितेंद्र दीक्षित जीतू आदि को फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। अनेकानेक अनुष्ठानोंमें सहयोग के लिए। 40 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया और 24 रकवीरों ने महादान किया। टीम हम हैं सेवक के प्रेरक अनूप कुशवाहा ने 10 सदस्यों और कर्मक्रान्ति परिवार के 14 सदस्यों ने रक्तदान किया। झांसी, सुल्तानपुर, लखनऊ और कानपुर से भी आकर स्वैक्षिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

# महिला दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन मुकदमे को वापस लेने की मांग

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

**पीलीभीत** पूरनपुर में आशा कार्यकर्ताओं ने बजट में अपनी मांगों की अनदेखी के खिलाफ विरोध जताया है। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर प्रदर्शन कर उन पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की 4 मार्च को संगठन जिला अध्यक्ष इदरीशन के नेतृत्व में पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने बजट 2025 लिखा एक पत्र जलाया प्रदर्शन से स्वास्थ्य केंद्र कार्यप्रणाली प्रभावित नहीं हुई।हालांकि पूरनपुर पुलिस ने इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर मुकदमा दर्ज कर लिया यूनियन का कहना है कि यहां कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। 8 मार्च को महिला दिवस पर कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को विज्ञापन सोफा संगठन की जिला अध्यक्ष इदरीशन और ब्लॉक अध्यक्ष राखी ने चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगर यहां मुकदमा वापस नहीं लिया जाता है तो बे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे



# उन्नाव में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पुणे की प्राइवेट कंपनी में करता था नौकरी, परिजनों ने मुआवजे की मांग की

**आशीष तिवारी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की जान चली गई। अगीगवा गांव के रहने वाले नरेंद्र कुमार पुणे में एक निजी कंपनी में काम करते थे। वह छुट्टी पर घर आए थे। 3 मार्च को सफीपुर रोड स्थित मियागंज पाल गेस्ट हाउस के पास एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया। कानपुर में भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर परिजन उन्हें लखनऊ के नादा अस्पताल ले गए। वहां भी इलाज से कोई फायदा नहीं हुआ। डॉक्टरों ने फिर से रेफर कर दिया।



परिवार जब नरेंद्र को घर ला रहा था, तब रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफीपुर रोड पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। मृतक के परिजनों ने दोषी वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उचित मुआवजे की मांग की है। बता दे कि स्थानीय लोगों का कहना है कि सफीपुर रोड पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। मृतक के परिजनों ने दोषी वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उचित मुआवजे की मांग की है। फतेहपुर चौरासी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा बढ़ाने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्रा शिवांशी शुक्ला को एक दिन का प्रधानाध्यापिका का मिला पदभार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तन संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

रामसनेही घाट बाराबंकी। अंतर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बनीकोडर विकास खंड अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर राजपुर में कक्षा 8 की छात्रा शिवांशी शुक्ला को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका पद की जिम्मेदारी दी गई।इस अवसर पर शिवांशी शुक्ला ने बताया कि आज का दिन हमें दोहरी खुशी मिल रही है।आज मेरा जन्मदिन भी है।आज के दिन प्रधानाध्यापक का जो प्रभार मिला है उसके दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक कर बहुत अच्छा लगा। सुबह सभी बच्चों ने दिनचर्यया के तहत प्रार्थना,योगाभ्यास एवं पीटी कराई गई।उसके बाद बच्चों की उपस्थिति लेकर शिक्षण कार्य कराया गया।उसके बाद सभी बच्चों ने मध्याह्न भोजन कर सुलेख प्रतियोगिता भी कराई गई। जो बहुत ही अच्छा सुखद अनुभव प्राप्त हुआ।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता ने मुंह मीठा कराकर कार्यभार ग्रहण कराया।



# चिरमिरी नगर पालिक निगम में निर्विरोध संतोष सिंह चुने गए स्पीकर

## मोदी की गारंटी कांग्रेस को पड़ा भारी द्व अनुराग सिंहदेव, प्रवक्ता भाजपा

**अजीत नारायण केसरीया हिंदुस्तान**

**चिरमिरी/** समाचार द्व नगरीय निकाय चुनाव 2025 अंतर्गत शनिवार को चिरमिरी नगर निगम में चौथी बार भाजपा से पार्षद बने वार्ड क्रमांक 01 के संतोष सिंह को निर्विरोध सभापति( स्पीकर )चुन लिया गया। विदित हो कि 40 वार्डों वाले नगर पालिक निगम चिरमिरी में भाजपा से 27 पार्षद चुनकर पार्षद पद पर विराजमान हुए और पार्षदों की भारी संख्या होने की वजह से अलग थलग पड़ी कांग्रेस सभापति के लिए किसी का नाम आगे नहीं बढ़ा सकी लिहाजा प्रथम सम्मिलन कार्यक्रम में आए सिंगल नाम के भाजपा पार्षद संतोष सिंह को सभापति( स्पीकर ) के लिए चुन लिया गया। ट्रिपल इंजन के नाम से बनी शहर सरकार में भाजपा के महापौर राम नरेश राय सहित सभापति संतोष सिंह अब शहर सरकार का संचालन करेंगे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने सभापति संतोष सिंह को निगम के पांचवे कार्यकाल के रूप में सभापति (स्पीकर) का दायित्व मिलने की बधाई और शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय रहे कि शनिवार की सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक नगर पालिक निगम चिरमिरी के अध्यक्ष( स्पीकर) पद के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का समय निर्धारित किया गया था जिसमें नियत समय तक भाजपा की ओर से एक नाम वार्ड क्रमांक 01 संतोष सिंह का प्राप्त हुआ। संतोष सिंह के नाम का प्रस्ताव भाजपा के वार्ड क्रमांक 13 से



पार्षद बबलू डे और समर्थक के रूप में वार्ड क्रमांक 29 के पार्षद मनीष खटीक ने दिया। इसी प्रकार अपील समिति के 04 सदस्यों के निर्वाचन के लिए 05 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए जिसमें एक अभ्यर्थी देवकरण सिंह, पार्षद वार्ड क्रमांक 15 के नाम निर्देशन पत्र में त्रुटि पाए जाने पर निरस्त कर दिया गया वही शेष 04 अभ्यर्थियों के नाम प्राप्त हुए निर्देशन पत्र सही पाया गया। अपील समिति सदस्य के रूप में श्रीमती पूर्वा स्थापक, पार्षद वार्ड क्रमांक 12 के लिए प्रस्तावक श्रीमती हीराबाई चौहान, पार्षद वार्ड क्रमांक 26 और समर्थन श्रीमती जागेश्वरी देवांगन, पार्षद, वार्ड क्रमांक 03 तथा भागवत निर्मलकर, पार्षद वार्ड क्रमांक 19 के लिए प्रस्तावक श्रीमती मोती प्रधान, पार्षद वार्ड क्रमांक 08 और समर्थन श्रीमती संगीता सेन, पार्षद, वार्ड क्रमांक 39, सन्नी कुमार चौहथा, पार्षद वार्ड क्रमांक 30 के लिए प्रस्तावक श्रीमती रजनी चौहान, पार्षद वार्ड क्रमांक 27 और समर्थन श्रीमती माधुरी सुभाष कश्यप, पार्षद, वार्ड क्रमांक 14 और गुलाम साबिर, पार्षद वार्ड क्रमांक 04 के लिए प्रस्तावक इम्तियाज अहमद, पार्षद वार्ड क्रमांक 35 और समर्थन श्रीमती गायत्री विरहा, पार्षद, वार्ड क्रमांक 40 ने दिया। स्पीकर निर्वाचन के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सबसे पहले मैं प्रदेश की जनता जनार्दन का धन्यवाद करना चाहूंगा उन्होंने विष्णु देव सरकार के सुशासन पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों भाजपा को जीत दिलाई है और आज नगर निगम चिरमिरी में सभापति चुनाव के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में भाजपा से संतोष सिंह को सभापति चुना गया इसके लिए मै चिरमिरी नगर निगम के सभी पार्षदों का भी धन्यवाद करता हूं।

# पति पत्नी के बीच हुई मामूली कहासुनी,पति ने खाया विषाक्त, क्षुब्द पत्नी ने लगाई फांसी

### फंदे से उतारते वक्त गिरी महिला, इलाज को ले जाते वक्त हुई मौत

**केसरिया हिन्दुस्तान**
**मोहित यादव लव**



एटा जनपद के कोतवाली देहात क्षेत्र के गिरौरा गांव में पति और पत्नी के बीच मामूली कहा सुनी हो गई।क्षुब्द पति ने विषाक्त खा लिया वही पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।फंदे पर झूलती महिला को परिजनों ने नीचे उतारा जिससे वह सिर के बल गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई आनन फानन में परिजन गम्भीर अवस्था में महिला को लेकर एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज को ले जाते वक्त महिला ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया।बही गंभीर अवस्था में पति का एटा स्थित राधाकृष्ण अस्पताल में इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम पति सोनपाल उम्र 50 वर्ष और उसकी पत्नी गुड्डी देवी उम्र 45 वर्ष के बीच किसी बात पर नोक झोंक हो गई।गुस्साए पति ने खेत पर जाकर विषाद पदार्थ खा लिया। वही जैसे ही ये सूचना पत्नी को मिली तो आहत होकर वह फांसी के फंदे पर झूल गई ।आस के लोग बचाने दौड़े जैसे तैसे रस्सी तोड़ी इसी बीच महिला जमीन पर गिर गई और उसे सिर में गम्भीर चोट आ गई।आस पास के लोग घायल महिला को एटा स्थित मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड लेकर पहुंचे जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया ।

# मुंडा में नवनिर्वाचित सरपंच शशिकला पांडेय और पंचों ने ली शपथ

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार विकासखंड के आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत दर्ज किए नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह 7 मार्च को ग्राम पंचायत भवन में रखा गया था। सरपंच एवं पंचों के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद पंचायत के रामसाय मनहरे उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति में पूर्व सरपंच सुमित्रा संतोष वर्मा ने नवनिर्वाचित सरपंच शशिकला पांडेय को पंचायत की समस्त दस्तावेजों लेखा जोखा ब्यौरा सहित ग्राम पंचायत की संपूर्ण प्रभार सौंपा गया।



शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चनाकर किया गया। शशिकला पांडेय उर्फ मुन्नी दीदी ने सरपंच के तौर पर शपथ ग्रहण ली। शपथ ग्रहण समारोह में उद्बोधन के दौरान सरपंच शशिकला पांडेय उर्फ मुन्नी दीदी की आंखों से आंसू बहने लगे और भावुक होते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ गांव की सरकार संभालने के लिए मुझे प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान किए मैं उन सभी का हृदय से आभारी हूं और विश्वास दिलाती हूं कि ग्राम विकास को प्राथमिकता एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर उनका लाभ पहुचाने और बिजली पानी सड़क के साथ जनता की मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की शपथ ग्रहण कर पंचों को भी बधाई देते हुए कहा कि अब हमें एक टीम की तरह मिलकर विकास करना है नवनिर्वाचित पंचों ने भी ग्राम पंचायत का विकास पर एक मत होकर शपथ लिया। नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को सचिव सरोजनी पैकरा एवं रोजगार सहायक मुकेश मनहरे ने शपथ दिलाई।

**सरपंच के साथ पंचो ने ली शपथ :** शपथ लेने वाले में सरपंच शशिकला पांडे उर्फ मुन्नी दीदी पंच फिरतीन बाई ध्रुव पूर्णिमा महेंद्र वर्मा परमानंद साहू पीतांबर रजक धनेश्वर वर्मा मोंगरा हलधर वर्मा फनेश्वरी खगेश वर्मा दुजराम वर्मा मुकेश्वरी मनीराम वर्मा नीलम मुकेश वर्मा हीराबाई वर्मा गोमती रविंद्र नाथ साहू रूपेश कुमार वर्मा श्यामू लाल फेकर सिद्धेश्वर वर्मा शकुन रात्रे जयबाई रात्रे सोमलाल कोसले उषा कोसले रमेश चतुर्वेदी शामिल रहे।

# भद्रापाली ग्राम पंचायत भवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** जिले के बलौदाबाजार विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भद्रापाली के ग्राम पंचायत भवन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद 7 मार्च को नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को शपथ दिलाने शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा गया था। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व सरपंच एवं पंचों को विदाई दी गई। वही जनपद सदस्य वेदेश्वरी त्रिलोक यादव के द्वारा निर्वाचित सरपंच एवं पंचों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। निर्वाचित सरपंच रीना वर्मा को पूर्व सरपंच रामलाल ध्रुव ने संपूर्ण प्रभार सौंपा।




शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच रीना वर्मा सहित वार्डो के पंचगणों ने शपथ ली और ग्राम के विकास को नया आयाम देने के लिए संकल्पित हुए। नवनिर्वाचित सरपंच रीना वर्मा ने कहा कि हम सब दलगत भावना से दूर हटकर गांव को एकता के सूत्र में बांधकर ग्राम विकास के मुद्दों पर ध्यान देंगे गांव की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए अपनी पूरी सहभागिता देंगे। नवनिर्वाचित पंचों दुलेश्वर कुमार वर्मा उर्मिला ध्रुव निखिल साहू झंगलू वर्मा सरस्वती बाई मानिकपुरी संतोषी वर्मा लोकेश्वरी वर्मा सोमनाथ वर्मा राजेश कुमार साहू गुलाब बाई साहू प्रियंका यादव अशोक वर्मा किरन वर्मा सालिक राम वर्मा रेखा बाई रजक मोहित राम ध्रुव

# नागरिक अस्पताल के डा. मृत्युंजय को मिला एचाए इंस्ट्रक्टर सर्टिफिकेट

## अब अस्पताल में होगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की आपातकालीन चिकित्सा प्रशिक्षण

**केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा**

जींद नागरिक अस्पताल के लिए गर्व की बात है कि एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विशेषज्ञ डा. मृत्युंजय गुप्ता को अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) द्वारा एसीएलएस एवं बीएलएस इंस्ट्रक्टर प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि के साथ अब वे डॉक्टरों, नर्सों और अस्पताल के कर्मचारियों को जीवनरक्षक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रदान कर सकेंगे। जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में रोगियों की जान बचाने की संभावना बढ़ेगी।




**एएचए प्रमाणपत्र की महत्ता और इसका लाभः** अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) आपातकालीन हृदय चिकित्सा प्रशिक्षण में विश्व की अग्रणी संस्था है। एसीएलएस (एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट) और बीएलएस (बेसिक लाइफ सपोर्ट) प्रमाणपत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। जो स्वास्थ्यकर्मियों को हार्ट अटैक, स्ट्रोक और अन्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए नवीनतम वैज्ञानिक तकनीक सिखाते हैं। पहले भी सिविल अस्पताल जींद में आपातकालीन प्रशिक्षण दिए जाते थे लेकिन अब यह प्रशिक्षण अंतराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त (ग्लोबली रिकोग्राइज्ड) प्रमाणपत्र के साथ दिया जाएगा। जिससे प्रशिक्षित डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर इसका लाभ मिलेगा। यह प्रमाण पत्र डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की कुशलता को बढ़ाने के साथ-साथ अस्पताल की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने डा. मृत्युंजय गुप्ता को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नागरिक अस्पताल जींद के लिए गर्व की बात है कि उनके अस्पताल के एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर मेडिसिन के चिकित्सा अधिकारी डा. मृत्युंजय को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। इस उपलब्धि से अस्पताल में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार होगा। अब हमारे स्वास्थ्यकर्मी आधुनिक जीवनरक्षक तकनीकों में प्रशिक्षित होंगे और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रमाणपत्र भी मिलेगा। जिससे उनकी क्षमता और अस्पताल की सेवाएं दोनों बेहतर होंगी। डा. भोला ने कहहा कि अस्पताल लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में नए आयाम स्थापित कर रहा है। डा. मृत्युंजय गुप्ता को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सिविल अस्पताल के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी (बेस्ट इम्पलॉय सिविल अस्पताल) के प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है।

# झूमरपारा में रामानंद जायसवाल छठवें बार बने निर्विरोध उपसरपंच



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**सूरज जायसवाल**

**महंगई।** जनपद पंचायत सूरजपुर के ग्राम पंचायत झूमरपारा में शनिवार को हुए उपसरपंच चुनाव में सर्वसम्मति से लगातार छठवें बार रामानंद जायसवाल को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया। जिससे यह निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। जानकारी हो कि रामानंद जायसवाल पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष है। उनके निर्विरोध निर्वाचन पर ग्राम के नागरिकों में हर्ष का माहौल है। निर्वाचन के पश्चात उपसरपंच रामानंद जायसवाल ने सभी पंचों एवं प्रमुखों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। ग्राम पंचायत सरपंच सुखवारो सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंचायत के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि रामानंद जायसवाल के नेतृत्व एवं सहयोग में पंचायत में लगातार पहले के अपेक्षा जनहित में प्रभावी कार्य होंगे। इस बीच आस-पास के गणमान्य नागरिकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने रामानंद को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी सहित ग्राम पंचायत पदाधिकारी एवं काफी संख्या में ग्रामवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक सर्किट हाउस में हुई संपन्न

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान राधेश्याम गुप्ता**





बांदा -जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस सभागार में सांसद बॉदा-चित्रकूट, श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल की अध्यक्षता में एवं जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में गत बैठक के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में सांसद ने विकास कार्यों को पारिदर्शिता, गुणवत्ता एवं समबद्धता के साथ कराये जाने एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए सम्बन्धित कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने बॉदा माइनर केन कैनाल की नहर पटरी में निष्प्रयोज्य भूमि एवं निम्नीनाला में अतिक्रमण की रोकथाम की कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिशाषी अभियंता केन कैनाल को दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को सड़क के किनारे की झाडियों की कटाई का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा बॉदा से बबेरू व कमासिन रोड की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बीएसएनएल के अधिकारी को ग्राम पंचायतों में इन्टरनेट की सुविधा से जोडने के कार्य की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जल-जीवन मिशन कार्य के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए तोडी गयी सड़कों की गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराये जाने तथा गॉवों में जलापूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल आपूर्ति किये जाने वाल गॉवों एवं जल निगम द्वारा तोडी गयी सड़को के मरम्मत कार्य की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

# डीएम एवं एसपी की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस किया गया आयोजित

## पीस कमेटी की बैठक में होली और रमजान पर होली के दिन जुमा की नवाज पर सौहार्द बनाने की अपील

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**
**राधेश्याम गुप्ता**

बांदा जनपद के बबेरू कोतवाली में पीस कमेटी बैठक एवं थाना दिवस जिला अधिकारी जे रिभा एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। पीस कमेटी पर होली का पर्व शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाए जाने के लिए सुझाव आदान प्रदान किए गए। वहीं हरदौली ग्राम प्रधान पति जाहिद खां ने कहा कि रंग से किसी को परहेज नहीं करना चाहिए। बल्कि रमजान की नमाज उसी दिन है। नमाजी होरी हारो से बच कर निकले और होली का त्यौहार मिल जुल कर मनाए। जिन्हें रंग से परहेज है वह घर से ही न निकले। मौलवियों ने भी यही बात कही, हिंदू धर्म गुरुओं ने कहा कि चाहे रमजान हो या होली हो, सदैव सौहार्द पूर्ण त्यौहार मनाए जाते है। पुलिस अधीक्षक ने होली का पर्व एवं रमजान का पर्व मिलजुल कर





मानने की अपील की। जिला अधिकारी ने सभी को होली रमजान की शुभकामनाएं देते हुए मिलजुल कर त्यौहार मनाए। वहीं थाना दिवस में फरियादियों की भीड़ लग गई। फरियादियों ने राजस्व से संबंधित समस्याओं का दुखड़ा सुनाया। डीएम ने एडीएम को समस्याओं को निस्तारण करने के आदेश दिए। वहीं पुलिस से

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर रविवार 9 मार्च 2025
ख़बरें बेबाक, बेख़ौफ़, बेझिझक



## यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मुरादाबाद का दौरा किया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव
ब्यूरो चीफ मुरादाबाद



डिप्टी सीएम के द्वारा सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की और जिला चिकित्सालय का दौरा भी किया डिप्टी सीएम ने बीजेपी के कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से मिलकर उनका उत्साह वर्धन भी किया और मुरादाबाद को विकास के लिए प्रदेश सरकार की सूची में प्राथमिकता में रखता है उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री ने कहा की स्वास्थ्य सेवाएं जन-जन तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और संभल के डीएसपी अनुज चौधरी को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि यह होली का पर्व सौहार्द का पर्व है जिसे सभी मिलजुल कर मनाते है प्रदेश के वासियों से अपील है सभी इस त्यौहार को सौहार्दपूर्वक मनाई

## डंपर ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत

केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो धर्मवीर यादव

सलोन रायबरेली कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों का मजमा लग गया इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहरा मच गया जानकारी के मुताबिक पूरे चमारन मुजरा रेवली निवासी चौबेराम यादव (70 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ यादव साइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दवा लेने जा रहे थे जैसे ही जोधी का पुरवा के चौराहे पर पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया जिससे चौबे राम की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। बुजुर्ग की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया पुलिस ने डंपर को हिरासत में ले लिया है

## महाविद्यालय में ऑनलाइन योग प्रशिक्षण का हुआ समापन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली



सुसनेर// स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा चिन्हित शासकीय महाविद्यालयों में एक सप्ताह की अवधि के ऑनलाइन योग प्रशिक्षण केंद्र भोपाल के सौजन्य से अलग-अलग चरणों में आयोजित हुए है, उनमें से एक सुसनेर महाविद्यालय भी है,जहाँ 3, मार्च 2025 से 8, मार्च 2025 तक प्रात: 10=30 बजे से 11=30 बजे के मध्य प्रतिदिन विद्यार्थियों तथा स्टॉफ सदस्यो ने ऑनलाइन योग प्रशिक्षण प्राप्त किया । प्रशिक्षण में सहभागिता करने वाले छात्र छात्राओं,शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफ सदस्यों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किए गए । इसके पूर्व प्राचार्य डॉ जी सी गुप्ता, तथा डॉ आर व्ही गुप्ता ने सभी सहभागियों को योग के अनेकानेक लाभ बताएँ और इसे दैनिक जीवन में लाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

## यूपी एटीएस ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी उल्फत हुसैन को कश्मीर से किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद

यूपी पुलिस और एटीएस को पिछले 18 वर्षों से तलाश थी पुलिस ने उस पर 25000 का इनाम भी घोषित कर रखा था । एटीएस के द्वारा बताया गया की उल्फत मूल रूप से कश्मीर पुंछ जिले का रहने वाला है वह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहा है और 2007 से मुरादाबाद से फरार चल रहा था उल्फत हुसैन ने पी ओ के में ट्रेनिंग ली थी वह आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का सदस्य रह चुका है यह मुरादाबाद में 2001 में ए ए क-47 के साथ पकड़ा गया था उल्फत ट्रेनिंग के बाद मुरादाबाद आया था किसी बड़ी घटना को अंजाम देने लेकिन उस समय मुरादाबाद पुलिस ने उस को पकड़ लिया था उसके पास से ए क-47 और ए क-56 की दो पिस्टल और काफी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए थे 2007 में जमानत मिलने के बाद उल्फत फरार हो गया तभी से उसकी तलाश जारी थी एटीएस के द्वारा बताया गया की उल्फत पर एटीएस और मुरादाबाद के थाना कटघर में संयुक्त रूप से 25000 का इनाम घोषित था

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ भव्य आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन, महिलाओं को किया गया सम्मानित उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आज दिनांक 08.03.2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश प्रयागराज श्री संतोष राय द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 220537 वादो का निस्तारण किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश, प्रयागराज के द्वारा 7 वाद निस्तारित किए गए। फ़ौजदारी के कुल 12661 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 15 वादो निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,प्रयागराज श्री बाल मुकुंद द्वारा 05 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी उत्तरी श्री राम कुशल द्वारा 176 वाद व मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी दक्षिणी श्री प्रदीप कुमार द्वारा 93 वादों का निस्तारण किया गया। श्री रामकेश



राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 220537 वादो का रिकॉर्ड निस्तारण

पीठासीन अधिकारी कमर्शियल कोर्ट द्वारा 11 वादों का निस्तारण किया गया।श्री विनोद कुमार चौरसिया अपर जनपद न्यायाधीश ई सी एक्ट के द्वारा विद्युत के 537 मामलों का निस्तारण किया गया। श्री शशि कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 5224 वाद, श्री अमित कुमार, रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा 1123 वाद, श्रीमती दीक्षा श्री वर्चुअल कोर्ट, ट्रैफिक के द्वारा कुल 8700 प्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालयों के द्वारा कुल 120409 वादो का निस्तारण किया गया। बैंक के प्री लिटिगेशन के 1927 मामले में निस्तारित किए गए। दिसंबर 2024 में आयोजित लोक अदालत से इस लोक अदालत में 2594 वादों का अधिक निस्तारण हुआ है। श्री रविकांत द्वितीय नोडल अधिकारी/एडीजे, लोग अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज जिला परियोजना कार्यालय मंफोर्डगंज प्रयागराज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर एवं नारी निकेतन खुल्दाबाद प्रयागराज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता का आयोजन श्री दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया गया । श्री दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नारी निकेतन में महिलाओं व बालिकाओं को उपहार देकर उन्हें सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत महिला कर्मचारियों को उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। यह जानकारी श्री दिनेश कुमार गौतम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा दी गई।

## रोजा-इफ्तार पार्टी में शिरकत किए रोजेदार, खोला जुमे का प्रथम रोजा

### - शान हॉस्पिटल की अगुवाई व सोगरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल की सरपरस्ती में हुआ इफ़्तार

संवाददाता - मुं.सरफराज



पडरौना,कुशीनगर = त्योहार माह-ए-रमजान के मद्देनजर रोजा-इफ्तार पार्टी में रोजेदारों ने शिरकत करते हुए,रोजा खोलने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आपको बता दें कि बा-बरकत महीने वाला महीना रमजान के पहले जुमा/शुक्रवार को शान हॉस्पिटल के डा0 मो.आशिफ, फिजिशियन × सर्जन के सौजन्य व हॉस्पिटल की अगुवाई और सोगरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंध संचालक पत्रकार- मुं.सरफराज की सरपरस्ती में शुक्रवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन सोगरा स्कूल के परिसर में किया गया। जिसमे क्षेत्र के रोजेदारों ने इफ्तार-पार्टी में शामिल होकर इफ्तार महफिल को कामयाब बनाया, जबकि इफ्तार पार्टी में शामिल हुए सभी रोजेदारों का स्कूल प्रशासन एवं हॉस्पिटल परिवार तहे-दिल से शुक्रिया अदा किया। हालांकि वहीं इसी क्रम में संध्या होने के दौरान इफ्तार पार्टी में मौजूद हुए मुस्लिम समाज के रोजेदारों के बीच मुकामी पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी रही,जिसमें सिधुआं बाजार के बतौर चौकी इंचार्ज आकाश सिंह अपने हमराहियों के साथ पीस कमेटी की अहम बैठक करते हुए आगामी त्योहार होली और ईद को सकुशल संपन्न कराने की लोगो से अपील की है।

## अपने हक और अधिकार के प्रति सजग रहे नारी शक्ति : पूर्णिमा प्रांजल

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिज़वी कॉलेज ऑफ लॉ परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण की जिला सचिव ने नारीशक्ति को किया संबोधित,गिनाई उनके हक और अधिकारी

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ
कौशाम्बी केसरिया हिन्दुस्तान

कौशाम्बी ।शनिवार को करारी कस्बा स्थित डॉ0 रिज़वी कॉलेज ऑफ लॉ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रहीं ।उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।महाविद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं,महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दिया। करारी ।कस्बा के रिज़वी कॉलेज ऑफ लॉ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में



छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।मुख्य अतिथि रहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पूर्णिमा प्रांजल ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह महिलाओं के लिए गर्व का विषय है कि पूरे विश्व में आठ मार्च को अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इसका जन्म1908 में न्यूयॉर्क शहर में हुआ हुआ था ।जब लगभग 15,000 महिलाओं ने कम काम के घंटे, बेहतर मज़दूरी और मतदान के अधिकार की माँग करते हुए सड़कों पर मार्च निकाला था ।इसके बाद 1909 में सोशलिस्ट पार्टी ऑफ़ अमेरिका ने पहला राष्ट्रीय महिला दिवस (ह्ङ्क्ष्ठ) आयोजित किया। 1910 में कोपेनहेगन में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी महिला सम्मेलन आयोजित किया गया, जहाँ जर्मन समाजवादी और महिला अधिकार कार्यकर्ता, क्लारा ज़ेटकिन ने एक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की स्थापना का विचार प्रस्तावित किया ।इसके बाद 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1917 में रूसी क्रांति के दौरान, महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और यह दिन 8 मार्च को मनाने का निर्णय लिया गया ।आज का यह दिन पूरी दुनिया में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज भारत ही नहीं बल्कि विश्व में महिलाएं हर वो काम कर रही हैं जो एक पुरुष करता है ।भारत की राष्ट्रपति भी महिला हैं ।भारत सरकार महिलाओं का सम्मान करने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाकर लाभ पहुंचा रही है।

## इंडियन ओवरसीज बैंक ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी

**मथुरा।** इंडियन ओवरसीज बैंक मथुरा मुख्य शाखा में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय से आए श्रीमती पूर्णिमा पंत श्रीमती नीतू कुमारी अश्वनी कुमार एवं शाखा प्रबंधक हेमंत कुमार की अगुवाई में शाखा में कार्यरत महिला कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही केक काटकर एक दूसरे को महिला दिवस की बधाई दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य प्रबंधक श्रीमती पूर्णिमा पंत ने कहा कि महिलाओं को उसका हक और सम्मान पूरी दुनिया में देना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा या स्वावलंबन के लिए बैंक आने वाली सभी महिलाओं को अविलंब सहायता दी जाएगी। बैंक के नियमानुसार सारी सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा एवं समस्या का समाधान किया जाएगा।

## नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि का आधार है : जिलाध्यक्ष मौर्य

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ कौशाम्बी
केसरिया हिंदुस्तान कौशाम्बी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर शनिवार को पार्टी कार्यालय में महिला सम्मेलन एवं महिला समारोह का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में उपस्थित जिले की महिलाओं को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है वह जीवनदायिनी है। प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृत में नारी को शक्ति, ममता,और




त्याग का स्वरूप माना गया है ।जहां पर नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है ।यह स्पष्ट करता है कि बहुत लंबे समय से नारी के महत्व को रेखांकित किया जाता रहा है ।आज हम सब यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इकट्ठा हुए हैं। यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष ,उपलब्धियां और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह हमें सोचने पर भी मजबूर करता है। हमें महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरूरत है ।उन्होंने कहा कि सभी माता और बहनों को यही संदेश है

## न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

### विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज
शनि कुमार यादव

शंकरगढ़। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, सिंधी टोला, शंकरगढ़ में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर रीता सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, महिला जागरूकता , महिलाओं की भागीदारी , आत्मनिर्भरता आदि विषयों पर प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें खूब सराहा गया।



**महिलाओं ने साझा किए प्रेरणादायक विचार:** समारोह में सम्मानित महिलाओं ने अपने विचार साझा किए और छात्राओं को प्रेरित किया।

महिला उपनिरीक्षक अनुराधा ने अपने संबोधन में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने लक्ष्य को पाने और समाज में लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी सुधा गुप्ता ने कहा, महिलाएं एक साथ कई जिम्मेदारियां निभाती हैं, फिर भी वे कभी हार नहीं मानतीं। अब समय आ गया है कि हम हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। डॉ. रीता सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ने कहा, कि छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से आगे बढ़ना चाहिए। अब समाज भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो रही है, बस हमें अपने कदम आगे बढ़ाने की जरूरत है। विद्यालय परिवार की तरफ से क्षेत्र की आई हुई सभी महिलाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह देते हुए एक-एक पौधा वितरित किया गया।

## पैदल जा रहे 35 वर्षीय युवक को तेज रफ्तार गिट्टी से भरे डंपर कुचला,मौके पर हुई दर्दनाक मौत

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित
यादव लव

एटा जनपद के जसरथपुर थाना क्षेत्र भुज्जापुर गांव के समीप खेत पर पैदल जा रहे 35 वर्षीय युवक उमेश कुमार पुत्र किशन सिंह निवासी भुज्जापुर को गिट्टी से भरे डंपर ने कुचल दिया युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।ग्रामीणों ने भाग रहे रहे डंपर चालक और क्लीनर को बंधक बना लिया ।और सड़क पर जाम लगा दिया देखते देखते हजारों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए ।सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया ।शव को उठाने का पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन गुस्साए परिजनों ने और ग्रामीणों सड़क पर शव रखकर जाम लगा और मौके पर जिलाधिकारी को बुलाने की मांग करने लगे ।गुस्सा बढ़ता देख सूचना वरिष्ठ अधिकारियों दी गई ।मौके तहसीलदार अलीगंज नीरज



### भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद,मान मनौव्वल के बाद उठने दिया शव

वार्ष्णेय,और क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया काफी मान मनौव्वल के बाद परिजन पाने और हर संभव मदद का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भरोसा दिलाया ।युवक की मौत के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । मां और पत्नी युवक के सड़क पर बिखरे चीथड़ों से चिपक कर रोते बिलखते रहे ।पुलिस ने करीब दो घंटे बाद जाम खुलवाया और रास्ता सुचारु रुप से चालू किया ।पुलिस ने मृतक के चीथड़ों को एक पोटरी में इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।मृतक युवक के दो छोटे बच्चे हैं शशिकांत उम्र 12 वर्ष,सिंटू उम्र 9 वर्ष,मृतक अपनी पत्नी साधना देवी को अपने पीछे छोड़कर चले गए हैं ।जानकारी के अनुसार शनिवार प्रात: युवक अपने घर से खेत की तरफ जा रहा था तभी मैनपुरी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने युवक को कुचल दिया ।युवक सड़क पर बुरी तरह कुचल गया। ।मृतक युवक के छोटे भाई योगेन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका भाई घर से खेतों की ओर जा रहा था तभी रोड क्रास करते वक्त तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया जिससे दर्दनाक मौत हो गई ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।